आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* गहोई दिवस”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 171 | इंदौर, रविवार 18 जनवरी, 2026 | माघ मौनी अमावस्या संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com




## देश विदेश

### गणतंत्र दिवस की थीम वंदेमातरम् परेड में निकलेंगी 30 झांकियां

**नई दिल्ली।** 26 जनवरी को भारत 77वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। इस बार मुख्य परेड की थीम वंदेमातरम् पर रखी गई है। परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर 30 झांकियां निकलेंगी, जो 'स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम, समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित होंगी। कर्तव्य पथ पर एनक्लोजर के बैकग्राउंड में वंदेमातरम् की लाइन्स वाली पुरानी पेंटिंग बनाई जाएगी। मेन स्टेज पर फूलों से वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस बार गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन होंगे। परेड में पहली बार बैक्ट्रियन ऊंट, नई बटालियन भैरव भी मार्च पास्ट करेगी।

### चीन में अब नोरोवायरस ने दुनिया भर में मचाया हड़कंप

**नई दिल्ली।** दक्षिणी चीन के गुआंग्डोंग प्रांत के फोशान शहर में स्थित एक सीनियर हाई स्कूल के 103 छात्र नोरोवायरस से संक्रमित पाए गए हैं। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राहत की बात यह है कि इनमें से किसी भी छात्र की हालत गंभीर नहीं है और न ही किसी की मौत हुई है। नोरोवायरस एक आम वायरस है जो तीव्र पेट की बीमारी (गैस्ट्रोएंटेराइटिस) का कारण बनता है। इससे संक्रमित होने पर आमतौर पर उल्टी और दस्त की शिकायत होती है। शिंगहुई मिडिल स्कूल के ये छात्र हाल ही में बीमार पड़े थे और शुरूआती जांच में उनकी बीमारी का कारण नोरोवायरस संक्रमण ही पाया गया।

### सिंगर बी प्राक को लॉरेंस गैंग की धमकी



**10 करोड़ फिरौती मांगी; वॉयस मैसेज में कहा चाहे किसी कंट्री में जाए, मिट्टी में मिला देंगे**

**मोहाली/जालंधर।** पंजाब में मोहाली के रहने वाले बॉलीवुड सिंगर बी प्राक से लॉरेंस गैंग ने 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। इसके लिए एक हफ्ते का टाइम दिया गया है। लॉरेंस गैंग के गैंगस्टर आरजू बिश्नोई ने सिंगर के करीबी को धमकी भरा वॉयस मैसेज भेजा है। जिसमें कहा गया कि अगर रकम न मिली और हमारे साथ मिलकर न चले तो चाहे किसी भी कंट्री में चले जाओ, मिट्टी में मिला देंगे। जिसके बाद बी प्राक के करीबी पंजाबी सिंगर दिलनूर ने मोहाली के एसएसपी को इसकी शिकायत की है। जिसमें दिलनूर ने कहा कि धमकी की वजह से वह घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। पुलिस गैंग पर कार्रवाई कर उन्हें सिक्योरिटी दे। उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। दिलनूर की शिकायत पर पंजाब पुलिस के मोहाली स्थित साइबर क्राइम ब्रांच ने इसकी जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा सिंगर बी प्राक की सिक्योरिटी को लेकर पुलिस भी अलर्ट पर है। बता दें कि बी प्राक तेरी मिट्टी में मिल जावां गीत से खूब हिट हुए थे।

### अहिल्याबाई की टूटी मूर्ति का वीडियो एआई से बना

**वाराणसी।** काशी में मणिकर्णिका घाट पर रानी अहिल्याबाई की मूर्ति टूटने के विवाद पर सीएम योगी ने इसके लिए कांग्रेस को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा- रानी की मूर्ति सुरक्षित रखी है। कांग्रेस ने एआई से मूर्ति टूटने का वीडियो बनाया। यह काशी को बदनाम करने की साजिश है, इसलिए मुझे खुद यहां आना पड़ा। साजिश का पर्दाफाश होना चाहिए। सीएम ने कहा मंदिर तोड़े गए हैं, इससे ज्यादा बड़ा झूठ नहीं हो सकता। अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को संरक्षित किया गया है। जब जीर्णोद्धार का काम पूरा हो जाएगा, तब प्रतिमा नई तरह से दिखेगी। कांग्रेस मंदिर तोड़ने के एआई वीडियो से जनता को गुमराह कर रही, यह अपराध है। सीएम ने कहा अहिल्याबाई का कांग्रेस ने सम्मान नहीं किया। इनके नेताओं की टिप्पणी पर हंसी और दया आती है। ये वैसा ही है, जैसे 100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। मैं एआई से तस्वीर बनाने वालों को चेतावनी देता हूं कि इसे कतई स्वीकार नहीं करेंगे।

### गोवा में 2 रसियन महिलाओं का मर्डर, रस्सी से बंधे हाथ

**पणजी।** गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। इसके साथ ही हत्या के खुलासा भी बहुत ही अजीब तरह से हुआ है। पुलिस को पहले रूसी महिला एलेना कस्थनोवा का शव मिला था, इसके हत्या के आरोप में उसके ही लिव-इन पार्टनर एलेक्सी लियोनोव को हिरासत में लिया गया था, जहां लियोनोव ने सिर्फ कस्थनोवा की हत्या कबूल की बल्कि एक और हत्या का मामला पुलिस को बताया। आरोपी की पहचान एलेक्सी लियोनोव के रूप में की गई है। वह भी रूस का ही रहने वाला है। पिछले लंबे समय से गोवा में ही रह रहा था। अब तक की जांच में सामने आया है कि दोनों की हत्या एक ही तरीके से की गई थी। दोनों का चाकू से गला रेता गया था। इसके साथ ही हाथ बॉडी के पीछे की तरफ रस्सी से बंधे थे।

---

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचे, मृतकों के परिजन से मिलने के बाद कहा

# पानी पीकर लोग मर रहे, यही अर्बन मॉडल

## इंदौर में मृतकों के परिजन को डेढ़-डेढ़ लाख के चेक दिए, कहा- सरकार जिम्मेदारी ले

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचे। दूषित पानी पीने से बीमार हुए मरीजों और मृतकों के परिजन से मुलाकात की। राहुल सबसे पहले बॉम्बे हॉस्पिटल गए, जहां उन्होंने दूषित पानी से पीड़ित मरीजों और परिजन से मुलाकात की।

मृतकों के परिजन से मिलने के बाद राहुल ने कहा ये नए मॉडल की स्मार्ट सिटी है। पीने का पानी नहीं है। परिवार पानी पीने के बाद बीमार हुए। यानी इंदौर में साफ पानी नहीं मिल सकता है। ये है अर्बन मॉडल। सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। राहुल गांधी ने साफ कहा कि किसी को



ये राजनीति लगे तो लगे, लेकिन लोगों को साफ पानी मिलना चाहिए। राहुल ने प्रशासन और सरकार की कार्यप्रणाली पर सीधा हमला किया। इससे पहले राहुल भागीरथपुरा पहुंचे और दूषित पानी से जान गंवाने वाली गीता बाई और जीवनलाल के परिवार से मिले। दोनों परिवारों को उन्होंने चेक दिया। इसके बाद राहुल गांधी संस्कार गार्डन पहुंचे। यहां उन्होंने अन्य प्रभावित परिजन से मुलाकात की। सभी को राहुल ने एक लाख और सिंघार ने 50-50 हजार रुपए के चेक दिए। राहुल के साथ पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और अजय सिंह भी रहे।

### राहुल ने कहा- सारे के सारे परिवार पानी पीने के बाद बीमार हुए

भागीरथपुरा में मृतकों के परिजन से मिलने के बाद राहुल ने कहा इनके परिवार में लोगों की डेथ हुई है। लोग बीमार हुए हैं। ये कहा जाता था कि देश को स्मार्ट सिटी दी जाएंगी। ये नए मॉडल की स्मार्ट सिटी है। पीने का पानी नहीं है। लोगों को डराया जा रहा है। सारे के सारे परिवार पानी पीने के बाद बीमार हुए। यानी इंदौर में साफ पानी नहीं मिल सकता है। पानी पीकर लोग मरते हैं। ये है अर्बन मॉडल।

**सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए-** राहुल ने कहा ये सिर्फ इंदौर में नहीं है। अलग-अलग शहरों में यही हो रहा है। सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। सरकार में कोई तो जिम्मेदार होगा, जिसने यहां ये काम करवाया है। कोई तो जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए। लोगों ने जो इलाज कराया है, मौतें हुई हैं उसके लिए सरकार को मुआवजा तो देना चाहिए।

### रहवासियों ने बताया- साफ पानी नहीं मिल रहा

राहुल बोले कि उनको रहवासियों ने बताया कि ये जो टंकी है ये सिंबल है। आज भी साफ पानी नहीं मिल रहा है। बैन लगा दिया है, लेकिन कुछ दिन में हटा दिया जाएगा और फिर वही पानी दिया जाएगा। लोग कह रहे हैं जो सरकार की जिम्मेदारी है उसे पूरा करे।

### राजनीति के सवाल पर बोले- मदद करने आया

आप यहां राजनीति करने आए हैं? इस सवाल के जवाब में राहुल ने कहा मैं उनको सपोर्ट करने यहां आया हूं। मैं विपक्ष का नेता हूं। यहां उनका मुद्दा उठाने और उनकी मदद करने आया हूं। इसमें कोई गलत काम नहीं है। मेरी जिम्मेदारी बनती है कि हमारे देश में लोगों को साफ पानी नहीं मिल रहा है तो मदद करूं। मैं इनके साथ खड़ा हूं। आप इनको साफ पानी दिलवाइए।

---

इंटेलिजेंस एजेंसियों का दावा- गणतंत्र दिवस से पहले

# आतंकियों के निशाने पर दिल्ली

## पंजाब के गैंगस्टर खालिस्तानी-बांग्लादेशी आतंकी संगठनों के लिए काम कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, इंटेलिजेंस ब्यूरो से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि प्रतिबंधित खालिस्तानी और बांग्लादेश के आतंकी संगठन दिल्ली समेत देश के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं।

सूत्रों ने बताया कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर विदेश से संचालित खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलरों के लिए 'फुट सोल्जर' की भूमिका निभा रहे हैं। ये हैंडलर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारत की आंतरिक सुरक्षा को बाधित करने के लिए क्रिमिनल नेटवर्क का इस्तेमाल कर



रहे हैं। अलर्ट के मुताबिक, ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में एक्टिव हैं और धीरे-धीरे खालिस्तानी आतंकी संगठनों से संपर्क बढ़ा रहे हैं। दिल्ली में 10 नवंबर, 2025 को लाल किला के पास एक कार में आत्मघाती आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 15 लोगों की मौत हुई थी।

### दिल्ली के अहम इलाकों में मॉक ड्रिल हुआ

इधर, 26 जनवरी को दिल्ली में इंडिया गेट के सामने कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड से पहले नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में मॉक ड्रिल की। इससे पहले रेड फोर्ट, आईएसबीटी कश्मीरी गेट, चांदनी चौक, मेट्रो स्टेशनों पर भी मॉक ड्रिल की गई। इनका उद्देश्य आतंकी हमलों को रोकने की तैयारियों की जांच और संबंधित एजेंसियों, आम लोगों को सतर्क करना था। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर कम से कम 30 झांकियां निकलेंगी। ये झांकियां स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम् और समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत थीम पर आधारित होंगी।

### बांग्लादेश में हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के गाजीपुर जिले में शनिवार को एक हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वह अपनी मिठाई की दुकान में काम करने वाले एक नाबालिग कर्मचारी को बचाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय लिटन चंद्र घोष उर्फ काली के रूप में हुई है। वह बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल का मालिक था। यह दुकान नगरपालिका इलाके के पास बरनगर रोड पर स्थित है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 11 बजे मसूम मिया (28) दुकान में आया। किसी मामूली बात को लेकर उसका दुकान में काम करने वाले 17 साल के कर्मचारी अनंत दास से विवाद हो गया।

सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

### जो काम करता है, वही राज करता है- सीएम मोहन यादव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ विदिशा

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वे अपने शहर में टॉयलेट के पानी का दोबारा उपयोग कर उसे बेचते हैं, जिससे करीब 300 करोड़ रुपए की आमदनी होती है। उन्होंने कहा कि अब कचरे से भी कमाई शुरू कर दी है।

गडकरी शनिवार को मध्य प्रदेश के विदिशा पहुंचे थे। यहां कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने करीब 181 किलोमीटर लंबी 8 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं की लागत 4400 करोड़ रुपए से अधिक है।



कार्यक्रम से पहले गडकरी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ शहर में रोड शो भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनता उन्हीं नेताओं के साथ खड़ी रहती है जो जमीन पर काम करते हैं। उन्होंने गडकरी से उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य विकास कार्यों में भी सहयोग का आग्रह किया।

### पाकिस्तान में कोहरे का कहर, ट्रक पुल से नीचे गिरा, 6 बच्चों समेत 14 की दर्दनाक मौत

एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार सुबह घने कोहरे ने एक हंसते-खेलते परिवार को मातम में बदल दिया। यहां सरगोधा जिले के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 6 मासूम बच्चे और 5 महिलाएं शामिल हैं। यह हादसा लाहौर से करीब 200 किलोमीटर दूर कोट मोमिन इलाके में हुआ, जहां एक ट्रक अनियंत्रित होकर पुल से नीचे सूखी नहर में जा गिरा। पंजाब इमरजेंसी सर्विसेज के प्रवक्ता के अनुसार, यह हादसा बेहद हृदयविदारक है क्योंकि ट्रक में सवार लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। ट्रक में कुल 23 यात्री सवार थे, जो इस्लामाबाद से फैसलाबाद जा रहे थे। वे वहां अपने किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए निकले थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि वे खुद अपनी मंजिल तक कभी नहीं पहुंच पाएंगे।

### टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही: मोदी

**गुवाहाटी।** पश्चिम बंगाल के मालदा में शनिवार को पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के सामने एक बड़ी चुनौती घुसपैठ की है। बंगाल के कई इलाकों में आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है। टीएमसी घुसपैठियों को वोटर बना रही। गरीबों का हक छीना जा रहा है। भाजपा सरकार बनते ही घुसपैठियों पर एक्शन लिया जाएगा।

### यूपी में कोहरे में 40 गाड़ियां टकराईं, 7 की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में शनिवार को सर्दी के इस सीजन का सबसे घना कोहरा छाया। 15 जिलों में 40 से ज्यादा वाहन कोहरे के कारण टकरा गए। इन घटनाओं में डेढ़ साल की बच्ची समेत 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा घायल हुए। राज्य में 100 से ज्यादा ट्रेन देरी से चल रही हैं।

जम्मू-कश्मीर में भयंकर सर्दी का 40 दिन का चिल्लई कलां जारी है। आज इसका 28वां दिन है। कश्मीर में मिनिमम टेम्परेचर में भारी गिरावट आई। श्रीनगर में टेम्परेचर -4.0 डिग्री रहा, शोपियां -5.6 डिग्री रहा। इनके अलावा पहलगाम -2.6 डिग्री, गुलमर्ग -4.2 डिग्री, सोनमर्ग -2.9 डिग्री रहा। हिमाचल के लाहौल स्पीति और चंबा में बर्फबारी हुई। स्पीति के शिंकुला दर्रा में 25 टूरिस्ट व्हीकल बर्फबारी में फंस गए, जिन्हें पुलिस ने रेस्क्यू किया। शिमला और चौपाल के अलावा सभी शहरों के तापमान में बढ़ोतरी हुई। सियोबाग का पारा 1.0 डिग्री से सीधे 8.0 डिग्री पहुंचा।

### ईरान ने 5000 लड़ाकों की मदद से प्रदर्शन को कुचला

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने देश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए 5 हजार इराकी शिया लड़ाकों का सहारा लिया। सीएनएन के मुताबिक यही वजह है कि प्रदर्शनकारियों की मौतों की संख्या अचानक बढ़ी और जिसके बाद प्रदर्शन शांत होने लगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, खामेनेई ने इनका इस्तेमाल तब किया, जब ईरानी सेना ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाने से मना कर दिया था। इसके बाद खामेनेई ने ईराकी शिया लड़ाकों की मदद ली। इन्हें धार्मिक यात्रा की आड़ में इराक से ईरान बुलाया गया। इन लड़ाकों में से कुछ का संबंध हिजबुल्लाह से



भी था। इन्होंने खामेनेई के आदेश पर प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं जिसके बाद मौतों का आंकड़ा करीब 3,500 पहुंच गया। सीएनएन के मुताबिक, पहले सिर्फ 800-850 लड़ाकों के ईरान आने की जानकारी सामने आई थी, लेकिन 16 जनवरी को आई रिपोर्ट के मुताबिक ये आंकड़ा 5 हजार से ज्यादा बताया गया। इन्हें दक्षिणी बॉर्डर के पास मौजूद इराकी राज्य मेसान और वासित से ईरान लाया गया।

# बंगाल के मुर्शिदाबाद में तनाव, 30 लोग गिरफ्तार

## प्रदर्शनकारियों ने रेलवे गेट तोड़ा, हाइवे जाम, बिहार में प्रवासी मजदूर पर हमले के बाद हंगामा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में शनिवार को दूसरे दिन भी हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने एनएच-12 और रेलवे ट्रैक को फिर से जाम कर दिया। स्थिति नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

यह विरोध बिहार में एक प्रवासी मजदूर पर हमले के बाद भड़का है। इससे एक दिन पहले झारखंड में प्रवासी मजदूर की मौत को लेकर बेलडांगा में हिंसक प्रदर्शन हुआ था, जिससे सड़क और रेल रूट घंटों ठप रहा था। एडिशनल एसपी ने बताया कि अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को शांति बनाए रखने की अपील की थी। इधर



भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने शनिवार को कहा कि ट्रेनों को जलाया जा रहा है। ममता बनर्जी इसे अल्पसंख्यकों का गुस्सा बताकर सही ठहरा रही हैं। शनिवार सुबह प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा स्टेशन के पास रेल गेट में तोड़फोड़ की और रेलवे सिग्नल को नुकसान पहुंचाया। इसके चलते कृष्णनगर और लालगोला के बीच ट्रेन बंद कर दी गईं। पुलिस के अनुसार, सैकड़ों स्थानीय लोग बेलडांगा के बरुआ मोड़ पर एनएच-12 पर जमा हो गए। इससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया और कई वाहन फंस गए। पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर मिलिंद के. देउस्कर ने बताया कि हालात को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त आरपीएफ और आरपीएसएफ बल तैनात किए जा रहे हैं। नए सिरे से तनाव की खबर के बाद बेलडांगा में पुलिस की तैनाती और बढ़ा दी गई है।

### बिहार में प्रवासी मजदूर से मारपीट का आरोप

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मुर्शिदाबाद के मजदूर अनीसुर शेख के साथ बिहार में मारपीट की गई। इस घटना से शुक्रवार की हिंसा के बाद शांत हुआ गुस्सा फिर भड़क उठा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घायल मजदूर अनीसुर शेख शुक्रवार देर रात किसी तरह मुर्शिदाबाद पहुंचा। उसकी हालत गंभीर थी। उसे मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थानीय विधायक हुमायूं कबीर मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत की। अधिकारियों ने कहा कि हालात सामान्य करने और हिंसा को फैलने से रोकने की कोशिश की जा रही है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### ऐसे कैसे चलेगा काम...

खुसूर फुसूर

महाआयोजन की तैयारी को लेकर अब भी कुछ अधिकारी गंभीर नहीं हैं। वे अब भी ऐसे काम कर रहे हैं जिससे शासन को नुकसान की स्थिति बनने के हाल कायम हो रहे हैं। प्रति सप्ताह ही नहीं हर दुसरे तीसरे दिन वरिष्ठ जिम्मेदार कामों को लेकर बराबर समीक्षा कर रहे हैं। कोई भी समस्या आने पर तत्काल उस पर संवाद करने का कह रहे हैं। इसके बावजूद भी कुछ मामले ऐसे निकलकर सामने आ रहे हैं जिससे साफ हो रहा है कि कुछ अधिकारी अब भी इन कामों को बहुत हल्का मान रहे हैं और अपनी मनमाफिक काम करने में ही मस्त हैं। हाल ही में एक मामला ऐसा ही सामने आने पर संभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने पानी वाले विभाग के नगर की संस्था के बडे इंजीनियर साब एवं उनके सहायक के विरूद्ध सख्ती का रूख अपनाया है। दोनों के विरूद्ध विभागीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। वैसे तो घुटना पेट की तरफ ही झूकता है ऐसे में कुछ खास बिगडने वाला नहीं है जैसे तैसे उनका बचाव हो जाएगा। दोनों अधिकारियों के कारण देवास रोड़ से नागझिरी तक बनने वाले रोड़ निर्माण के साथ ही नगर की संस्था की पानी वाले विभाग की पाईप लाइन डलना थी। रोड़ किनारे पाईप लाइन डालने का कार्य समय पर नही होने से रोड़ बनाने में विलंब हुआ । महाआयोजन की उलटी गिनती चालू हो चूकी है। 26 के भी दो सप्ताह कैसे निकले ये सब देख रहे हैं। ऐसे ही देखते झ्रदेखते 28 के महाआयोजन सामने आ जाएगा। खुसूर-फुसूर है कि महाआयोजन के कामों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध ऐसे मामलों में सख्ती का रूख जरूरी हो गया है। कामों में देरी होने से कई सारे मसले उलझने की स्थिति बनेगी। ऐसे में समस्याओं का घर बनने लगेगा और उनके निदान में समय जाया होगा। इस स्थिति के चलते संभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का निर्णय प्रशंसनीय है। अगर अब सख्ती नहीं होगी तो ऐसे कैसे काम चलेगाङ्खऔर आगे बढेगा।



## भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध में बगलामुखी मंदिर पर शुक्रवार को प्रातः 8:00 के करीब भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एवं पूर्व दिग्गज क्रिकेटर गौतम गंभीर पहुंचे जहां उन्होंने मां बगलामुखी की पूजा अर्चना कर हवन भी किया। इस दौरान गौतम गंभीर करीब 1 घंटे मंदिर परिसर में ही रहे। मां बगलामुखी मंदिर के पुजारी दिनेश अस्तावत द्वारा गर्भ ग्रह में माता रानी की चुनरी ओड़ाकर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय की गौतम गंभीर महाकाल मंदिर उज्जैन में भस्म आरती में शामिल हुए थे वहां से सीधे नलखेड़ा में बगलामुखी के दर्शन के लिए आए। गौतम गंभीर के बगलामुखी मंदिर पहुंचने की सूचना मिलने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### रैन बसेरे गुमनामी में.. किसी को यह नहीं मालूम है कहां है रेन बसेरा

# फुटपाथ पर गुजर रही मजबूर व गरीब लोगों की सर्द रातें



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



गरीब,मजबूर लोगों को फुटपाथ पर रात बिताने से बचाने के लिए बने रैन बसेरे गुमनामी में है। तेज ठंड के बीच लोगों को फुटपाथ पर रात गुजारना पड़ रही है। गुरुवार शुक्रवार को कई फुटपाथों पर गरीबों को कंपकपाती ठंड में सोते देखा। जब उनसे खुले में सोने का कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में जगह नहीं है वहीं कुछ का कहना था कि उन्हें नहीं मालूम है कि रैन बसेरे कहां है

सर्द हवाओं की सिहरन बुजुर्गों को कपा रही थी। पुराने फटे चादर, कंबलों पर सर्दी भारी पड़ रही थी। कुछ ठंड से कराहते मिले तो कुछ करवट बदल रहे थे। इनका कहना है कि जाएं भी तो कहां जाएं। उन्हें जैसे-तैसे रात गुजर जाने का इंतजार था। चामुण्डा माता चौराहा,देवास गेट, मालीपुरा, रेलवे स्टेशन के बाहर यहां कई लोग फुटपाथ व दुकानों के चबूतरों पर सोते मिले। फटे चादर व कंबलों से वे कंपकंपाती सर्दी में बचाव कर रहे थे। सोने की कोशिश में घंटों बाद भी ठंड के कारण उनकी नींद उड़ी हुई थी। माकड़ोन के समीप ग्राम डैलची से आये ग्रामीण रामचंद्र ने बताया कि वह परिजनों का इलाज कराने उज्जैन आया था रात में चामुंडा चौराहे के समीप फुटपाथ पर आकर सो रहा है उसके पास आधार कार्ड था। लेकिन उसे यह नहीं पता था कि शहर में रैन बसेरे कहां है। यहां हेमंत नाम का एक मजदूर दिन में दिहाड़ी मजदूरी करता है और रात में माधव कॉलेज के सामने फुटपाथ पर आकर सो जाता है। उससे पूछा गया कि वह खुले में क्यों सो रहा है इस पर उसने जवाब दिया कि उसके पास आधार कार्ड नहीं है कई बार आधार कार्ड बनवाने की कोशिश की लेकिन नहीं बना.. आधार कार्ड बगैर रेन बसेरा में एंट्री नहीं मिल रही है इसी तरह करीब एक दर्जन से अधिक लोग मालीपुरा में दुकानों के चबूतरे पर रात बिताते मिले।





**चामुण्डा माता चौराहा,देवास गेट, मालीपुरा, रेलवे स्टेशन के बाहर कई लोग फुटपाथ व दुकानों के चबूतरों पर सोते मिले**

ऐसे ही चामुंडा माता चौराहे पर राजू नामक व्यक्ति खुले में फुटपाथ पर सो रहा था उसे जब रैन बसेरे में जाने के लिए कहा गया तो उसका जवाब था कि उसके पास आधार कार्ड नहीं है उसके बाद फिर वह वहीं सो गया। इसी तरह झाबुआ निवासी विकलांग कन्हैया लाल माधव कॉलेज के सामने बने फुटपाथ पर खुले में सो रहा था जब उससे खुले में सोने का कारण पूछा गया तो उसका कहना था कि वह डेढ़ वर्ष पहले झाबुआ से उज्जैन महाकाल दर्शन करने के लिए आया था इस दौरान उसका बैग चोरी हो गया। बैग में आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज थे वह भी चोरी हो गए। इसी बीच उसके पैर में चोट लग गई और वह अस्पताल में इलाज करवाने गया पैर की चोट ठीक नहीं हुई और इलाज के पैसे भी नहीं थे इस कारण उसने फुटपाथ पर आकर शरण ले ली तभी से वह फुटपाथ पर सोकर अपना जीवन यापन कर रहा है।

> रात्रि में टीम को पहुंचाकर जांच करवाई जाएगी यदि कोई खुले में सोते पाया गया तो उसे रैन बसेरे में पहुंचाने के इंतजाम किए जाएंगे। अगर रैन बसेरे में जगह नहीं मिलती है तो उनके लिए अस्थाई ठहरने की व्यवस्था की जाएगी लेकिन उन्हें खुले में नहीं सोने दिया जाएगा।
>
> **- संजेश गुप्ता, उपायुक्त नगर निगम उज्जैन**

### कोई नहीं दे रहा ध्यान...

इधर इस कड़ाके की ठंड में कोई सामाजिक संस्थाओं द्वारा कोई प्रयास किया जा रहे हैं ताकि लोग खुले में ना सोए। ओर इनमें से फुटपाथ पर सो रहे कई लोगों के पास ओड़ने के लिए पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं थी

इधर खुले में सो रहे लोगों को रैन बसेरे में पहुंचाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं ना हीं कोई ऐसी व्यवस्था की गई है ताकि लोगों को शहर में स्थित रैन बसेरों का पता चल सके और उन्हें रैन बसेरों में ठहराया जा सके। ना ही ऐसे कोई सूचना बोर्ड लगाए गए हैं जिससे कि लोगों को रैन बसेरों का पता चल सके।

## सांदीपनि चौराहा-उदयन मार्ग चौड़ीकरण का विरोध, रहवासियों-व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

### दुकानें रखीं बंद; कहा-काम नहीं रोका तो चक्काजाम करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन शहर में चल रहे प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों के बीच सांदीपनि चौराहा से उदयन मार्ग (विक्रम मार्ग) तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के विरोध में शुक्रवार को रहवासी और व्यापारी सड़क पर उतर आए। लक्ष्मी नगर चौराहे पर मंच लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया, जहां जमकर नारेबाजी हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी प्रदर्शन में शामिल रहे।

नगर निगम द्वारा मार्ग की मार्किंग किए जाने के बाद व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। विरोध के तहत क्षेत्र की अधिकांश दुकानों को बंद रखा गया और प्रतिष्ठानों पर सड़क चौड़ीकरण के विरोध में पोस्टर लगाए गए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बिना उचित संवाद और सर्वे के ही कार्रवाई की जा रही है, जिससे रहवासियों और व्यापारियों में असमंजस और भय का माहौल बन गया है।



### 26 मकान, 16 मंदिर होंगे प्रभावित

निगम के प्रस्ताव के अनुसार सड़क चौड़ीकरण से करीब 26 मकान प्रभावित होंगे, जिनके सामने का लगभग 13 फीट हिस्सा हटाया जा सकता है। साथ ही मार्ग पर स्थित करीब 16 मंदिर भी इसकी जद में आ रहे हैं, जिनके विस्थापन के लिए नगर निगम ने वैकल्पिक व्यवस्था की बात कही है। निगम के अनुसार जनवरी के अंत या फरवरी की शुरूआत में सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरू हो सकता है।

### प्रभावित लोगों से संवाद करें अधिकारी

रहवासियों और व्यापारियों ने नगर निगम से मांग की है कि चौड़ीकरण के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और प्रभावित लोगों से संवाद कर उचित समाधान निकाला जाए।

### रहवासियों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

प्रदर्शन कर रहे रहवासी दिनेश पाटीदार ने कहा कि सड़क पहले से ही काफी चौड़ी है और यहां सिंहस्थ जैसी भीड़ भी नहीं होती, ऐसे में सड़क चौड़ीकरण की आवश्यकता समझ से परे है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आगे चक्काजाम किया जाएगा। वहीं व्यापारी प्रवीण जैन ने आरोप लगाया कि अब तक कोई विधिवत सर्वे नहीं हुआ है और अधिकारी बार-बार आकर गलत तरीके से नपती कर मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस मार्ग को चौड़ा करने की कोई वास्तविक जरूरत नहीं है।

## 15 दिन में दूसरी बार रात का पारा 9 डिग्री पर पहुंचा, वजह जेट स्ट्रीम हवा

**उज्जैन।** पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवा बहने से सर्दी बढ़ गई है। 15 दिन में दूसरी बार रात का पारा 9 डिग्री पर पहुंच गया है। इसके पहले 10 जनवरी को यह 9 डिग्री दर्ज किया गया था।

मौसम विभाग भोपाल के अनुसार पश्चिमोत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊंचाई पर लगभग 232 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवा बह रही है। इसके अलावा एक नया पश्चिमी विक्षोभ, मध्य एवं ऊपरी क्षोभ मंडलीय पश्चिमी पवन में एक ट्रफ के रूप में माध्य समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर अवस्थित है।

यही वजह है कि मकर संक्रांति के दूसरे दिन अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान लुढ़क गया है।

### महाकाल गर्भगृह प्रवेश विवाद गहराया

## अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष की मांग पर पुजारी संगठनों का विरोध, पद को लेकर उठाए सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश को लेकर साधु-संतों और पुजारियों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज द्वारा पुजारियों और उनके प्रतिनिधियों के गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाने की मांग के बाद अब महाकाल विद्वत परिषद और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज पुजारियों के समर्थन में सामने आ गए हैं। दोनों संगठनों ने पत्र जारी कर न सिर्फ पुजारियों का पक्ष रखा है, बल्कि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं।

दो दिन पहले अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जिला प्रशासन और महाकाल मंदिर प्रशासक को पत्र लिखकर मांग की थी कि महाकाल मंदिर में नियुक्त पुजारियों के प्रतिनिधियों की संख्या की लिखित जानकारी अखाड़ा परिषद को दी जाए। साथ ही उन्होंने शासन द्वारा नियुक्त मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा को छोड़कर अन्य सभी पुजारियों और उनके प्रतिनिधियों के गर्भगृह में प्रवेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की थी। उनका तर्क था कि बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों के प्रवेश से गर्भगृह की मर्यादा भंग होती है और अव्यवस्था फैलती है।

### पुजारी संगठनों का पलटवार

इस पत्र के सामने आने के बाद महाकाल विद्वत परिषद और अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने भी संयुक्त रूप से पत्र जारी कर तीखी प्रतिक्रिया दी है। संगठनों ने कहा कि महाकाल मंदिर के नियम मंदिर समिति द्वारा बनाए गए हैं और मंदिर की पवित्रता, ड्रेस कोड तथा गर्भगृह में ले जाने वाली वस्तुओं से जुड़ी परंपराएं प्राचीन और स्थापित हैं। इन नियमों का पालन देश का आम व्यक्ति ही नहीं, बल्कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी करते हैं, तो साधु-संतों को इन नियमों के पालन से अलग क्यों रखा जाए।

### अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद पर सवाल

महाकाल विद्वत परिषद ने अपने पत्र में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर भी सवाल उठाए हैं। परिषद ने पूछा है कि क्या केंद्र या राज्य सरकार ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष होने का कोई प्रमाण पत्र रविंद्र पुरी महाराज को दिया है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि सरकार और प्रशासन यह जांच करें कि अखाड़ा परिषद में कितने अखाड़ों का समर्थन वास्तव में उन्हें प्राप्त है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि तीन अखाड़ों (रामादल) को परिषद से बाहर किए जाने के बाद अखाड़ा परिषद अधूरी हो गई है। यदि रामादल की तीनों इकाइयों और 500 खालसा ने मिलकर अलग अखाड़ा परिषद बना ली, तो उस स्थिति में क्या होगा, यह सवाल भी संगठनों ने उठाया है।

# रंगबिरंगा पैकेट : बन न जाए आफत की पुडिया, निगरानी मे खोलें पैकेट

पं राहुल शुक्ल ▸▸ उज्जैन

चमकीली दुनिया मे बाजारवाद हावी है और पैक्ड फूड्स व वैफर्स का चलन जोरों पर है। गली मोहल्लों और देहातों की परचून दुकान पर रंगबिरंगे पैकेट्स व पाउच की लंबी लडी टंगी होती है और इन पैकेट्स मे चिप्स, कुरकुरे, भुजिया आदि होते हैं। बच्चे बडे उत्साह से इन कुरकुरे और चिप्स को पांच या दस रूपए मे खरीदकर इन्हे खोलते हैं और फिर खाते हैं।अभिभावक इसे देख खुश होते हैं। चाचा ,मामा, मौसी अपना पूरा लाड प्यार बच्चो को ये खरीदकर दिलाने मे समझ बैठते हैं किन्तु ये पैकेट्स कितने खतरनाक भी हो सकते हैं इस पर कभी चिन्तन नहीं करते।उडिसा मे घटित एक ताजे हादसे ने सभी को सचेत कर दिया जब एक बच्चे के चिप्स पैकेट से धमाके के साथ आग निकली और बच्चे का चेहरा झुलस गया। इस भयानक हादसे से बच्चे की एक आंख खराब हो गई।






### पैक्ड पैकेट्स का रहस्य

खाद्य पदार्थ जैसे चिप्स व कुरकुरे आसपास की वायु मे उपस्थित आक्सीजन से अभिक्रिया करके जल्दी खराब हो जाते हैं और खाने योग्य नहीं होते। भोज्य पदार्थ को इसी आक्सीकरण से सुरक्षित रखने के लिए पैकेट्स से पूरी वायु बाहर निकालकर खाद्य सामग्री के साथ नाइट्रोजन गैस थोडी मात्रा मे भरकर पैक किया जाता

### विशेष स्थिति मे गैस खतरनाक



वैसे तो नाइट्रोजन एक उदासीन गैस है। ये किसी से भी तुरंत अभिक्रिया नहीं करती है साथ ही ये ज्वलनशील गैस भी नही है पर विशेष स्थितियों मे जैसे उच्च तापमान व उच्च दाब होने पर ये विस्फोट कर सकती है। उडिसा हादसे मे बच्चा जब पैकेट को किचन मे जलती आग के पास लेकर इसे गया तभी विस्फोट हुआ।

–अंकिता चौहान, रसायनशास्त्री

### सावधानी रखना जरूरी

सभी अभिभावक पहले तो कोशिश करें कि इन प्रिजवेर्टीव वाले पैक्ड फूड्स से बच्चो को दूर रखें और यदि कभी दिलाएं भी तो इसे अपनी निगरानी मे खोलें जो आग व आंच से दूर हो तभी हम अपने बच्चों को सुरक्षित रख सकेंगे




–पारुल सुराना, अभिभावक

### प्रदूषण भी फैलाते हैं



चिप्स व कुरकुरे के खाली पाउच जब बच्चे सडक या खुले मे फेक देते हैं तो ये नालियों को जाम करते हैं और नाली की गंदगी रोड पर फैलती है साथ ही ये उपजाऊ मिट्टी मे दबकर स्वाइल पॉल्यूशन पैदा करते हैं।

–अमिता मिश्रा , समाजसेवी

**चतुर्थ पुण्य स्मरण**

कर स्मृति आपकी नयन छलक जाते है,
आपका कर्मशील जीवन, स्नेह, निष्ठा,
त्याग हमेशा हमें प्रेरणा देता रहेगा।
आपके दिव्य चरणों में शत्-शत् नमन...
आपके आदर्शों का अनुसरण करना ही
हमारी सच्ची श्रद्धांजलि ...

**ठा.सा.अंतरसिंह जी गौड़**
(रिटायर्ड कृषि विकास अधिकारी)
जन्म दिनांक : 13.03.1946
देवलोक गमन : 17.01.2022
पौष शुक्ल, 15 शाकम्भरी पूर्णिमा,
वि.सं.2078

श्रद्धावनत

श्रीमती पदमा गौड़ (पत्नी),
राजेन्द्र-अमिता सिंह गौड़, शैलेंद्र - शर्मिला सिंह गौड़ (पुत्र -पुत्रवधु)
ममता गौड़ (पुत्री), रूद्र, प्रताप, धैर्य, प्रताप (पौत्र)
साक्षी, चित्रांशी, देवयानी, कृतिका (पौत्री) एवं समस्त गौड़ परिवार

# शांत मनुष्य कौन



चित्त को विभिन्न वृत्तियों अर्थात आकारों में परिणत होने से रोकना ही योग है। याद रखें, हम सरोवर की तली को नहीं देख सकते, क्योंकि उसकी तह छोटी-छोटी लहरों से तरंगायित रहती है। उस तली की झलक मिलना तभी संभव है, जब ये सारी लहरें शांत हो जाएं और पानी स्थिर हो जाए। यदि पानी गंदला हो या सारे समय उसमें हलचल होती रहे, तो वह तली कभी दिखाई न देगी।

मानव चित्त भी सरोवर के समान है और हमारा असल स्वरूप मानो उसकी तली है; प्रवृत्तियां उसमें उठने वाली लहरें हैं। मानव मन तीन प्रकार की अवस्थाओं में रहता है। एक है तम की यानी अंधकार की अवस्था, जैसा कि हम पशुओं और अत्यंत मूर्खों में पाते हैं। ऐसे मन की प्रवृत्ति केवल औरों को क्षति पहुंचाने में होती है। मन की इस अवस्था में मनुष्य को और कोई दूसरा विचार ही नहीं सूझता।

दूसरा है, रज अर्थात मन की क्रियाशील अवस्था, जिसमें केवल प्रभुत्व और भोग की इच्छा रहती है। उस समय यही भाव रहता है कि मैं शक्तिमान बनूंगा, दूसरों पर प्रभुत्व करूंगा। तीसरा है, सत्व अर्थात मन की गंभीर और शांत अवस्था। इस अवस्था में समस्त तरंगें शांत हो जाती हैं और मानव सरोवर का जल निर्मल हो जाता है। यह कोई जड़ावस्था नहीं है, यह तो तीव्र क्रियाशील अवस्था है।

शांत होना शक्ति की महत्तम अभिव्यक्ति है। क्रियाशील होना तो सहज है। बस, लगाम ढीली कर दो, तो घोड़े स्वयं तुम्हें भगा ले जाएंगे। यह तो कोई भी कर सकता है, पर शक्तिमान पुरुष वह है, जो इन तेज घोड़ों को थाम सके। किसमें अधिक शक्ति लगती है- लगाम ढीली करने में अथवा उसे थामे रखने में?

**सम्पादकीय**

## महाराष्ट्र के सबक

महाराष्ट्र में हुए शहरी निकाय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत खास मायने रखती है। यह माना जा रहा था कि सीटें जीतने में भाजपा गठबंधन आगे रहेगा, पर उसे इस तरह की बड़ी जीत हासिल होगी, इसका अनुमान चुनावी पंडितों को भी नहीं था। महाराष्ट्र के 29 निकायों के लिए हुए चुनाव में से ज्यादातर में भाजपा के नेतृत्व में हासिल जीत से विपक्षी दलों को नुकसान होता दिख रहा है। विपक्षी दलों ने अपनी जरूरत देखकर अलग-अलग तरह से तालमेल बिठाने की कोशिश की थी। ऐसे बेमेल गठबंधनों से कहीं-कहीं तो जीत हासिल हो सकती है, पर बड़ी जीत हासिल करने के लिए गठबंधन में तार्किकता होनी चाहिए। लोगों को लगना चाहिए कि राजनीतिक दल जो गठजोड़ बना रहे हैं, वह उनके हित में है। आम तौर पर देखा गया है कि चुनाव से ठीक पहले किया गया गठबंधन अक्सर उल्टा पड़ जाता है। पवार परिवार के बीच अचानक हुआ तालमेल हो या ठाकरे परिवार के बीच लाभ देखकर बना समन्वय, दोनों की प्रशंसा नहीं की जा सकती। ऐसे संबंधों में अगर स्वाभाविकता होती या ऐसे संबंधों को बनाने के प्रयास चुनावी नहीं होते, तो लोग जरूर स्वीकार कर लेते।

महाराष्ट्र के निकाय चुनाव परिणाम सबक की तरह हैं। यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि अगर पूरा विपक्ष मिलकर मजबूती से लड़ता, तो सत्तारूढ़ गठबंधन को तगड़ी चुनौती दे सकता था। अपने देश में राज्य कोई भी हो, केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को कहीं भी हराने के लिए विपक्ष को मजबूत गठबंधन की जरूरत है। यहां तक कि तमिलनाडु में भी भाजपा गठबंधन को हराना तभी मुमकिन होता है, जब वहां उसके खिलाफ मजबूत गठबंधन खड़ा होता है। दूसरी बात यह भी है कि भाजपा आम तौर पर अन्य दलों से गठबंधन या तालमेल बिठाने में ज्यादा कुशल साबित होती है। दूसरी ओर, विपक्षी दलों के बीच जैसी एकता लोकसभा चुनाव के समय दिखी थी, वैसी बिहार में नहीं दिखी या न ही महाराष्ट्र में नहीं दिखी, तो परिणाम सामने हैं। भाजपा ज्यादा मजबूत होकर सामने आ गई है। अगर महाराष्ट्र में दावा किया जा रहा है कि स्थानीय निकायों में अगले पच्चीस साल अब भाजपा के हैं, तो गलत नहीं है। बेशक, भाजपा के गठबंधन महायुति में भी परस्पर अविश्वास रहा है, पर महायुति अपने मतभेदों को यथासमय दूर करते हुए खुद को बचाए रखता है। दूसरी ओर, विपक्षी दल अपने मतभेदों को दूर करने पर यथोचित ध्यान नहीं देते।

**दबे दर्द की अनसुनी**

# माँ-बाप की नीयत, परवरिश और टूटते घर



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय समाज में माता-पिता को सर्वोच्च नैतिक स्थान प्राप्त है। उन्हें त्याग, तपस्या और निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक माना जाता है। बचपन से ही यह सिखाया जाता है कि माँ-बाप कभी गलत नहीं हो सकते। उनकी हर बात आदेश है, हर निर्णय अंतिम सत्य। लेकिन बदलते सामाजिक परिदृश्य में यह धारणा अब कई सवालों के घेरे में है। आज जब पारिवारिक विघटन, तलाक, अलगाव और घरेलू तनाव की घटनाएँ बढ़ रही हैं, तब यह जरूरी हो गया है कि हम ईमानदारी से यह स्वीकार करें- माँ-बाप भी हमेशा सही नहीं होते। आज अनेक परिवारों में टूटन का कारण केवल पति-पत्नी के बीच का मतभेद नहीं है, बल्कि उसके पीछे माता-पिता की भूमिका भी उतनी ही निर्णायक होती जा रही है। यह कहना कठोर लग सकता है, लेकिन सच्चाई यही है कि कई घरों में माता-पिता द्वारा किया गया पक्षपात, हस्तक्षेप और नियंत्रण रिश्तों को भीतर से खोखला कर रहा है।

सबसे पहले बात करते हैं भेदभाव की संस्कृति की। भारतीय परिवारों में यह कोई नई बात नहीं है कि बच्चों के बीच तुलना और पक्षपात होता रहा है। बड़ा बेटा वारिस माना जाता है, छोटा समझौता करता है, बेटी पराया धन होती है और बहू बाहरी। यही सोच जब व्यवहार में उतरती है, तो घर में स्थायी तनाव पैदा हो जाता है। माता-पिता अनजाने में या जानबूझकर एक बेटे के पक्ष में खड़े हो जाते हैं, दूसरे को उपेक्षित कर देते हैं। बहू को हर विवाद की जड़ मान लिया जाता है, जबकि बेटी के दोष पर पर्दा डाल दिया जाता है। यह असमानता रिश्तों को धीरे-धीरे तोड़ देती है। विवाह के बाद बहू का स्थान आज भी कई घरों में संदिग्ध बना रहता है। उससे उम्मीद की जाती है कि वह बिना सवाल किए हर परंपरा को स्वीकार करे, हर निर्णय माने और अपनी पहचान को त्याग दे। यदि वह अपने अधिकार, सम्मान या स्वतंत्रता की बात करती है, तो उसे ‛घर तोड़ने वाली' करार दे दिया जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि कई बार घर पहले ही भीतर से टूट चुका होता है-सिर्फ दिखावा बचा होता है।

माता-पिता का अत्यधिक हस्तक्षेप भी आज पारिवारिक विघटन का बड़ा कारण बन रहा है। बेटे-बहू के निजी मामलों में दखल देना, छोटी-छोटी बातों को तूल देना, बहू की शिकायतों को नजरअंदाज करना और बेटे को भावनात्मक दबाव में रखना-ये सब स्थितियाँ विवाह को बोझ बना देती हैं। बेटा अक्सर दो पाटों के बीच फँस जाता है-एक ओर पत्नी, दूसरी ओर माता-पिता। और समाज उसे यही सिखाता है कि माता-पिता का साथ देना ही धर्म है, चाहे इसके लिए दांपत्य जीवन की बलि क्यों न देनी पड़े। यह भी देखने में आता है कि बेटी की शादी के बाद भी माता-पिता उसे अपने नियंत्रण में रखना चाहते हैं। बेटी को बार-बार मायके बुलाकर, उसके वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप कर, दामाद के खिलाफ राय बनाकर, वे अनजाने में बेटी का घर कमजोर कर देते हैं। नतीजा यह होता है कि बेटी और दामाद के बीच अविश्वास पनपता है, और अंततः रिश्ता टूटने की कगार पर पहुँच जाता है।

एक और गंभीर पहलू है भावनात्मक ब्लैकमेल। हमने तुम्हारे लिए क्या-क्या नहीं किया, हमारे कारण तुम इस मुकाम पर हो, अगर हमारी बात नहीं मानी तो लोग क्या कहेंगे-ऐसे वाक्य बच्चों को मानसिक रूप से जकड़ लेते हैं। वे अपनी खुशी, अपने रिश्ते और अपने सपनों की कीमत पर भी माता-पिता को खुश रखने की कोशिश करते हैं। लेकिन यह दबा हुआ असंतोष किसी न किसी दिन विस्फोट बनकर सामने आता है। समस्या तब और गंभीर हो जाती है जब समाज भी इस मानसिकता को बढ़ावा देता है। हर विवाद में सबसे पहले सवाल बहू से किया जाता है- ‛क्या किया तुमने? बेटे को मजबूर मान लिया जाता है और माता-पिता को पीड़ित। इस सामूहिक पूर्वाग्रह के कारण सच्चाई कभी सामने नहीं आ पाती। जिन घरों में माता-पिता की भूमिका नकारात्मक होती है, वहाँ भी उन्हें प्रश्नों से ऊपर रखा जाता है।

यह कहना भी जरूरी है कि हर माता-पिता दोषी नहीं होते। असंख्य माता-पिता ऐसे हैं जो संतुलित, संवेदनशील और न्यायप्रिय होते हैं। वे बच्चों को स्वतंत्र निर्णय लेने देते हैं, बहू-दामाद को सम्मान देते हैं और संवाद को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन समस्या उन माता-पिता की है जो अपने अनुभव को अंतिम सत्य मान लेते हैं और बदलते समय को स्वीकार करने से इनकार कर देते हैं। आज का युवा अलग सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों में जी रहा है। उसके सामने करियर का दबाव है, आर्थिक असुरक्षा है, बदलते रिश्तों की चुनौतियाँ हैं। ऐसे में उसे सहयोग चाहिए, नियंत्रण नहीं। उसे समझ चाहिए, आदेश नहीं। माता-पिता यदि यह समझने में असफल रहते हैं, तो टकराव स्वाभाविक है। परिवार संस्था को बचाने के लिए सबसे जरूरी है आत्ममंथन। माता-पिता को यह स्वीकार करना होगा कि उम्र के साथ-साथ अधिकार नहीं, जिम्मेदारी बढ़ती है। मार्गदर्शन और हस्तक्षेप में अंतर होता है। बच्चों की शादी का अर्थ यह नहीं कि वे हमेशा माता-पिता की इच्छाओं के अनुसार ही जिएँ। उन्हें अपनी गलतियों से सीखने का अवसर देना भी परवरिश का हिस्सा है।

साथ ही, बच्चों को भी यह समझना होगा कि संवाद ही समाधान है। टकराव, कटुता और अलगाव स्थायी समाधान नहीं हैं। लेकिन संवाद तभी संभव है जब माता-पिता भी सुनने को तैयार हों-बिना जजमेंट, बिना अहंकार। आज जरूरत है कि हम माँ-बाप हमेशा सही होते हैं जैसी भावनात्मक लेकिन अव्यावहारिक धारणाओं से बाहर आएँ। सम्मान और प्रश्न एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। माता-पिता का सम्मान करते हुए भी उनकी भूमिका की समीक्षा की जा सकती है। यही स्वस्थ समाज की पहचान है।

घर टूटने का कारण कभी एक व्यक्ति नहीं होता। यह कई गलत फैसलों, दबे हुए दर्द और अनसुनी आवाजों का परिणाम होता है। यदि सच में हम परिवारों को टूटने से बचाना चाहते हैं, तो हमें साहस के साथ यह स्वीकार करना होगा कि कभी-कभी आईना माता-पिता को भी दिखाना पड़ता है। यही कड़वा सच आगे चलकर मीठे रिश्तों की नींव बन सकता है।

## अभाव का उत्सव

रात के सन्नाटे में घड़ी की सुइयां जब एक-दूसरे पर चढ़ीं, तो लगा जैसे समय भी थककर सुस्ता रहा है। शरद ने ड्राइंग रूम की 'इटैलियन मार्बल' वाली ठंडी फर्श पर अपने पैर रखे। उसे लगा जैसे वह किसी बर्फीली झील पर चल रहा हो। बगल के कमरे से उसकी माँ, शारदा जी के खाँसने की आवाज आई-एक ऐसी सूखी, नपी-तुली खाँसी जिसे सुनकर कोई भी कह दे कि यह बीमारी से ज्यादा 'स्मृति' दिलाने के लिए है।

शरद दबे पाँव उनके कमरे के पास गया। दरवाजा थोड़ा खुला था। कमरे में मखमली गद्दे वाला 'किंग साइज' बेड खाली पड़ा था, और नीचे जमीन पर एक पुरानी, खुरदरी दरी बिछी थी। शारदा जी उसी पर लेटी थीं। सिर के नीचे तकिया नहीं, बल्कि एक मोटी धार्मिक किताब थी जिसे उन्होंने तौलिए में लपेट रखा था।

माँ, बेड पर क्यों नहीं सोईं? कमर में दर्द हो जाएगा, शरद ने लगभग फुसफुसाते हुए कहा। शारदा जी ने आँखें नहीं खोलीं। धीमी आवाज में बोलीं, गद्दे में देह धंसती है बेटा, तो मन भी धंस जाता है। जमीन सख्त है, तो याद रहता है कि अभी सफर बाकी है। तू जा, अपनी रुई की गुफा में सो जा।

यह 'रुई की गुफा' शब्द शरद के कलेजे में सुई की तरह चुभा। पिछले महीने उसने माँ के लिए तीन लाख की लागत से कमरे का कायाकल्प करवाया था, ताकि उन्हें बुढ़ापे में वह आराम मिल सके जो उन्होंने जवानी के अभावों में खो दिया था। पर माँ ने उस कमरे को 'असंग्रहालय' बना दिया था।

अगली सुबह नाश्ते की मेज पर सन्नाटा था। शरद की पत्नी ने बड़े जतन से ओट्स और ताजे फल सजाए थे। शारदा जी अपनी कोठरी से निकलीं। उनके हाथ में एक लोहे की पुरानी कटोरी थी, जिसमें रात की बची हुई दो सूखी रोटियां थीं। अरे माँ, यह क्या? गरम पराठे बन रहे हैं, फल खाइए न, पत्नी ने चिढ़कर कहा।

शारदा जी ने एक फीकी मुस्कान बिखेरी, जो पेट कल के जूठे से भर जाए, उसके लिए ताजा चूल्हा जलाना पाप है। तुम लोग खाओ छप्पन भोग, मुझे तो इसी बासी में तृप्ति मिलती है। उस दिन शरद को अपना 'ब्रेकफास्ट' मिट्टी जैसा लगा। माँ ने बड़ी सादगी से यह साबित कर दिया था कि घर में वही अकेली 'संयमी' हैं और बाकी सब विलासिता के कीचड़ में लोट रहे हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 18 जनवरी 2026 रविवार
सूर्योदय - 07:14 सूर्यास्त 18:00
माघ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - अमावस्या 25:22 उपरांत एकम
नक्षत्र - पूवार्षाढा 10:14 उपरांत उत्तराषाढ़ा
योग - हर्षण 21:11 उपरांत वज्र
करण - चतुष्पद
चन्द्रमा - धनु में है। 16:41 पर मकर में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 28 तारिख

**मेष-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कुसंगति व जल्दबाजी से बचें। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा।

**वृषभ-** जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च की अधिकता से मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन-** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कर्क-** प्रवास में सावधानी रखें। विरोधियों एवं शत्रुओं के कारण अशांति होगी।

**सिंह-** नवीन कार्ययोजना की बातचीत में सफलता मिलने के संयोग बनेंगे। व्यापार, कारोबार में नई जवाबदारी बढ़ेगी।

**कन्या-** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**तुला-** व्यापार-व्यवसाय में गति आएगी। आर्थिक समस्याओं का निराकरण संभव है। धर्म में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु-** प्रमाद न करें। प्रसिद्ध व्यक्ति से मेलजोल बढ़ेगा। संतान की प्रगति से मन प्रसन्न रहेगा। रुका पैसा प्राप्त होगा।

**मकर-** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ-** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भौतिक सुख-साधनों की प्राप्ति होगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**मीन-** व्यापार में नई योजनाओं का श्रीगणेश संभव है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## व्यसन मुक्ति : दृढ़ इच्छाशक्ति जाग्रत करें



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

तंबाकू ने बड़ा दुर्व्यसन का धारण कर लिया है बच्चों से लेकर वृद्ध तक इसे मुख से भरे मिल जाएंगेभोजन लार से पचता है`तंबाकू का प्रभाव रक्त पर पड़ता हैमुख से बदबू आने लगती,इसके परिणाम स्वरूप आँख की रोशनी कम हो जाना, छयरोग,हृद्य रोग, नपुसंगता ,पागलपन ,मुँह सड़ना,कैंसर जैसी घातक बीमारिया आ सकती है। साथ ही तंबाकू मांगने की आदत पड जाती है। तंबाकू को पुर्तगीज लोग इसे यहाँ लेकर आये थे। सर्वप्रथम कोलम्बस ने अमेरिका में वहाँ के निवासियों को तंबाकू पीते देखा थोसंसार का कोई भी पशु-पक्षी इसके पत्ते नहीं खाता,मुँह तक नहीं लगाता केवल एक प्रकार का कीड़ा है, जो तम्बाकू के पत्ते पर पैदा होता और पत्तों को खाता हैवैज्ञानिकों ने तंबाकू में छः प्रकार के विषों का पता लगाया है। निकोटिन, प्रूसिक एसिड, पाइरीडीन, कोलीडीन, एनोमिया, कार्बनमोनोऑक्साइड इसके अलावा और भी विष निकलने की संभावना है तंबाकू की खेती की जाने से अनाज की खेती का अनाज उत्पादन भी प्रभावित हुआ है। पशुओं के लिए चारे का संकट दिनों दिन गंभीर होता जा रहा है`चारे का उत्पादन में कमी आने से पशुओं पर इसका प्रभाव देखा गया हैजैसे दूध का कम होना,बाजार से महंगा चारा पशुओं को पर्याप्त मात्रा में ना खिला पाना आदि कई कारण रहे हैतम्बाकू का सेवन इंसान मुख्य रूप से इन कामों के लिए करता है.ऐसा तंबाकू सेवनकर्ताओ का मानना है-शौच जाने के पहले ,भोजन करने के बाद ,रात को जागते समय ,पेट की गैस को कम करने के लिएधूम्रपान का धुँआ पर्यावरण औ? इंसान की सेहत बिगाड़ रहा है। यदि व्यक्ति अपनी,अपनों की एवं सारे संसार की खुशहाली जिंदगी चाहता है तो उसे आज से ही तंबाकू का सेवन बंद कर देना चाहिए` दृढ़ इच्छाशक्ति के बिना इसे छोड़ा नहीं जा सकता है। अपनी व अपने परिवार की खुशहाली के लिए तंबाकू, धूम्रपान से दूर रहने का प्रयत्न करना चाहिए।

### मौनी अमावस्या

माघी मौनी अमावस्या की तिथि विशेषकर है पितरों को समर्पित,
पितरों को इस दिन तर्पण से प्रसन्न कर आशीर्वाद करें अर्जित,
गंगा स्नान दान ध्यान धार्मिक पठन पाठन का अनंत पुण्यफल,
जीवन को आनंद से भरने का माघ उत्सव देता हैं अमृतफल ।
गंगासागर में डुबकी लगानें का इस तिथि है बहुत ही विशेष महात्म,
संचित कर्मों से मुक्ति पाने का योग है अति ही शुभकंर और उत्तम,
तन मन से जब भगवत् कृपा से होती हैं पूर्णतः विकारों से शुद्धि,
जागृत होती है अनंत की अनुभूति और आत्मिक सुख सिद्धी ।
अमावस्या की तिथि संकेत देती हैं अंधकार का अंत और पुनःनिर्माण,
आशावादी हो मनुष्य निराशा त्याग अपने लक्ष्य की ओर दे ध्यान,
मन को शांत कर चैतन्य करें भीतर के दिव्य आत्मिक प्रकाश को,
पितरों और देवी-देवताओं के आशीर्वाद से प्राप्त करें जीवन आल्हाद को।
वैदिक परंपराओं, पौराणिक ऋचाओं में निहित है वैज्ञानिक समावेश,
नव ग्रहों की अनुकूलता से बढ़ता पारिवारिक प्रीति सुख परिवेश,
सभी का हो मंगल आत्मिक सुख शांति वैभव की करूँ मैं कामना,
माघी अमावस्या पर अंत हो दुःखों का सफल हो सच्ची साधना ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

# रोजाना सुबह खाली पेट करें तुलसी के पानी का सेवन फायदेमंद

अगर बात करें धार्मिक मान्यता कि घर में तुलसी का पौधा लगाना शुभ होता है। हिंदू धर्म के साथ-साथ आस्था से समृद्ध तुलसी का भारतीय संस्कृति से भी गहरा नाता है। तुलसी के औषधीय गुणों के चलते इसका सेवन किया जाता है, जो कई बीमारियों के लिए रामबाण इलाज साबित हुई है। वहीं, तुलसी के सेवन से सर्दी-जुकाम और पाचन जैसी कई समस्याओं से भी निजात पाया जा सकता है। आज हम आपको तुलसी के कुछ ऐसे फायदे बताने जा रहे हैं, जिसके प्रयोग से आप पल भर में अपनी समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

डायबिटीज के मरीजों के लिए भी तुलसी काफी फायदेमंद है। इसके सेवन से शुगर कंट्रोल में रहती है, इसलिए भी चिकित्सकों द्वारा भी तुलसी का पानी पीने की सलाह दी जाती है।



- तुलसी का पानी पाचन से जुड़ी समस्याओं से भी छुटकारा दिलाता है।
- तुलसी के पानी के सेवन से कब्ज और लूज मोशन जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलती है।
- सर्दी-जुकाम और गले में खराश होने पर भी आप इसका सेवन कर सकते हैं, जिससे आपको तुरंत ही आराम मिल सकता है।
- बुखार में भी इसका सेवन रामबाण इलाज की तरह काम करता है।
- बदलते मौसम में वायरल इंफेक्शन से भी काफी हद तक बचाव करने में कारगर है तुलसी।
- वहीं, स्ट्रेस रिलीव के लिए भी इसकी सेवन किया जाता है। बता दें कि तुलसी के पत्ते में मौजूद अडैप्टोजेन स्ट्रेस को कम करने में सहयोग करता है।
- तुलसी नर्वस सिस्टम को रिलैकेस करते हुए ब्लड फ्लो को सही करने में मदद करता है।
- सांस की बदबू से छुटकारा पाने के लिए भी आप तुलसी का सेवन कर सकते हैं।
- रोजाना तुलसी के पत्ते या पानी का सेवन करने से मुंह के बैक्टीरिया का खात्मा होता है, जिससे पल भर में आपके मुंह से आ रही बदबू उड़न छू हो जाएगी।

**धर्म-आस्था**

# आस्था की वह कथा, जहाँ मनुष्य से पहले मन पवित्र होता है

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि यहाँ ईश्वर को पहचानने की पहली शर्त किसी पहचान, वेश या वर्ग से नहीं, बल्कि करुणा, संवेदना और प्रेम से जुड़ी रही है। आस्था जब हृदय से जन्म लेती है, तब वह सीमाओं को नहीं देखती, केवल भाव को पहचानती है। ऐसी ही एक मार्मिक कथा जनमानस में प्रचलित है, जो आज के समय में समाज को गहरा और सकारात्मक संदेश देती है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

एक व्यक्ति रोज पान की दुकान पर जाता था। एक दिन उसकी नजर दुकान पर लगी बालक कन्हैया की तस्वीर पर पड़ी। घुंघराले बाल, हाथ में मुरली और मुख पर अद्भुत मुस्कान। उस चित्र को देखते ही उसके मन में अपनापन जाग उठा। उसने पान वाले से सहज भाव से पूछा कि यह सुंदर बालक कौन है। पान वाले ने बताया-यह श्याम है। उस व्यक्ति ने चित्र को ध्यान से देखा और बोला, बालक बहुत सुंदर है, लेकिन जिस जमीन पर खड़ा है वह खुरदरी लगती है। इसके पैरों में कांटे चुभ सकते हैं, इसे चप्पल क्यों नहीं पहनाई गई।

पान वाला मुस्कराया और बोला-अगर तुम्हें इतनी चिंता है तो तुम ही चप्पल पहना दो। यह बात उसके दिल में उतर गई। दूसरे दिन वह बालक के लिए चप्पल



खरीदकर ले आया और बोला-चप्पल ले आया हूँ, बालक को बुला लो। पान वाले ने बताया कि यह बालक यहाँ नहीं रहता, यह वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में विराजमान है। बस फिर क्या था, उस व्यक्ति ने मन में ठान लिया कि वह स्वयं वृंदावन जाएगा और श्याम को चप्पल अर्पित करेगा।

वह वृंदावन पहुँचा। मंदिर के द्वार पर जैसे ही प्रवेश करना चाहा, उसे रोक दिया गया। कहा गया कि वह भीतर नहीं जा सकता। उसने कोई विवाद नहीं किया, कोई तर्क नहीं दिया। बस मन में यह सोचकर कि श्याम कभी तो बाहर आएँगे, वह मंदिर के द्वार पर ही बैठ गया। दिन बीत गया, रात भी निकल गई। भोर का समय हुआ। तभी उसके कानों में घुँघरुओं की मधुर ध्वनि पड़ी। उसने चारों ओर देखा, कुछ दिखाई नहीं दिया। अचानक उसकी दृष्टि अपने चरणों की ओर गई।

वहाँ श्याम स्वयं बैठे थे।

उसकी आँखों में आनंद के आँसू आ गए। लेकिन उसी क्षण उसका हृदय पीड़ा से भर गया, जब उसने देखा कि श्याम के चरणों से रक्त बह रहा है। उसने प्रेम से श्याम को गोद में उठाया, चरण पोंछते हुए पूछा-तुम्हारे पैरों से खून क्यों निकल रहा है। श्याम ने सरल भाव से कहा-मैं मंदिर से नहीं, गोकुल से पैदल चलकर आया हूँ। क्योंकि तुमने मेरी जो मूरत अपने हृदय में बसाई, उसी मूरत में मैं तुम्हारे पास आया हूँ। रास्ते में कांटे चुभ गए।

उस क्षण वह व्यक्ति समझ गया कि ईश्वर पत्थर की मूर्ति में नहीं, बल्कि सच्चे भाव में प्रकट होते हैं। उसी क्षण उसका जीवन बदल गया। उसने स्वयं को पूरी तरह श्याम को समर्पित कर दिया। वही व्यक्ति आगे चलकर रसखान के नाम से जाना गया, जिसने अपने पदों और रचनाओं से कृष्ण भक्ति को अमर बना दिया।

यह कथा किसी वर्ग, किसी पहचान या किसी भेद की नहीं है। यह कथा उस मनुष्य की है, जिसने करुणा से ईश्वर को पुकारा और ईश्वर ने स्वयं चलकर उसके द्वार पर आकर उत्तर दिया। यह हमें सिखाती है कि भक्ति का मार्ग सरल है-न उसमें ऊँच-नीच है, न दीवारें। जहाँ प्रेम है, वहीं परमात्मा है।

आज जब समाज में दूरी और विभाजन की बातें अधिक सुनाई देती हैं, तब ऐसी कथाएँ हमें याद दिलाती हैं कि हमारी संस्कृति का मूल सूत्र सह-अस्तित्व, करुणा और मानवीय संवेदना है। ईश्वर को पाने के लिए सबसे पहले मनुष्य बनना पड़ता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमाड़ी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2200-2990 चना काबली-5191-8391, चना बड़ा- 46811-5530, बटला- 2812, मसूर- 5601, तिल्ली-5681-8711, सोयाबीन- 2631-5841, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्डर्-1,45,100, रवा- 1,45,000 चांदी- टंच-2,73,300 पाट- 2,72,800।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



अनुभूति कैंप का हुआ आयोजन

## विद्यार्थियों को वन और वन्य प्राणियों के बारे दी गई जानकारी

**महिदपुर।** मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के तत्वाधान में वन मंडल उज्जैन के वन परिक्षेत्र तराना की सब रेंज महिदपुर में दिनांक 16.1.26 को अनुभूति कार्यक्रम वर्ष 2025 -26 के आयोजन के अंतर्गत विद्यार्थियों को वैध शाला डोंगला और वन भ्रमण कराया गया भ्रमण के दौरान पेड़ों की आधारभूत जानकारी एवं उनकी हमारे जीवन में उपयोगिता वन्य प्राणियों व उनका इकोसिस्टम में महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही पॉलिथीन बैग के उपयोग को कम करने एवं उससे होने वाली हानी के बारे में समझाइए दी गई इस वर्ष आयोजन की थीम ₹हम है धरती के दूत है₹ अनुभूति कैंप में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल महिदपुर एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नारायणा, शासकीय हाई स्कूल बंजारी विद्यार्थी एवं शिक्षकों को जंगल में कैंप करवा कर वन क्षेत्र का भ्रमण कराया गया कैंप का आयोजन पूरी तरह इको फ्रेंडली रूप में किया गया पॉलिथीन या पॉलिथीन से बने किसी भी उत्पाद का उपयोग नहीं किया गया सभी विद्यार्थियों को कपड़े की टोपी अनुभूति की बुकलेट पेन सामग्री का वितरण कर प्रकृति पथ पर भ्रमण करवाया गया भ्रमण उपरांत बच्चों को भोजन करवाया गया इसके बाद प्रतियोगिता हुई प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरित किए गए कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए शपथ ली गई कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी विक्रम सिंह सोलंकी, वन परिक्षेत्र तराना अधिकारी मदन सिंह जौहरे,परिक्षेत्र सहायक अंतर सिंह,वन रक्षक दिलीप सिंह पवांर, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रीतम सिंह सिसोदिया, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर सोनी, संजय त्रिवेदी एवं तीनों स्कूलों के शिक्षक मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा की हुई शुरूआत



**सुसनेर** समीप ग्राम खेराना स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा की शुरूआत हुई। कथा का वाचन पंडित कन्हैया शास्त्री के द्वारा किया जा रहा। कथा का आयोजन 22 जनवरी तक चलेगा।

## जिला स्तरीय ओलम्पियाड में कक्षा दूसरी से आठवीं तक के छात्रों ने भाग लिया



**महिदपुर।** विकासखंड के समस्त जन शिक्षा केंद्र से चयनित छात्र विकासखंड में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को जिला स्तरीय ओलम्पियाड में चयनित कक्षा दूसरी से आठवीं तक के छात्रों ने तीन पारियों में भाग लिया। केंद्र अध्यक्ष श्री किशोर कुमार परमार के मार्गदर्शन में परीक्षा निर्विघ्न संपन्न हुई उसके पश्चात प्रत्येक पारी में छात्रों को स्वादिष्ट भोजन पूड़ी ,सब्जी ,नमकीन और मिठाई के पैकेट का वितरण कर खिलाई गए परीक्षा संचालन में जन शिक्षक मुकेश बगाना, ईश्वर सोलंकी, कैलाश खादीवाला बीएसी संतोष गुलाटी, शेख नासिर, अमनदीप सिंह दुआआदि उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी परीक्षा प्रभारी राजेश कमाल कर के द्वारा दी गई।

## मकर संक्रांति पर सालरिया गोअभ्यारण में भव्य गोकथा, गौसेवा का लिया संकल्प



**सुसनेर।** समीपस्थ ग्राम सालरिया स्थित गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा द्वारा संचालित श्री कामधेनु गोअभ्यारण में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भव्य गोकथा एवं धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में गोभक्त, ग्वाल बालक, श्रद्धालु एवं विशिष्ट अतिथि शामिल हुए, जिससे पूरा गोअभ्यारण भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। गोकथा के दौरान कथावाचक पूज्य ग्वाल संत गोपालानंद सरस्वती महाराज ने मकर संक्रांति पर्व, एकादशी व्रत एवं अमावस्या के धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एकादशी व्रत आत्मा के शुद्धिकरण का श्रेष्ठ साधन है तथा अमावस्या के दिन गोदर्शन करने से आध्यात्मिक लाभ के साथ मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। उन्होंने गोसम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत उपस्थित श्रद्धालुओं को गौसेवा करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि गोमाता की सेवा धर्म, संस्कृति और मानवता का आधार है। कथा के यजमान बनने का सौभाग्य ठाकुर दीपसिंह राठौर (ठिकाना पीपलोंन खुर्द) को प्राप्त हुआ। गोअभ्यारण के संरक्षक पूज्य महंत रविन्द्रानंद सरस्वती महाराज ने समापन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं से गौसेवा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।

आपात खिड़की पर लगा रखी सीट, ठंडे बस्ते में जांच पड़ताल

# न पैनिक बटन, न जेपीएस फिर भी सड़कों पर फरार्टे भर रही कंडम बसें, नियमों का उल्लंघन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

परिवहन विभाग ने पूर्व में बस में हुए गंभीर अपराध के बाद कई कडे निर्णय लिए थे। इनमें बस में महिलाओं सहित अन्य यात्रियों को जरुरी मदद के लिए पैनिक बटन साथ में जीपीएस लगाने का निर्णय भी शामिल था। परिवहन विभाग का दावा है जिले में चलने वाली यात्री बस में पैनिक बटन लगे हुए हैं, जबकि यात्रियों का दावा है उनको कभी नजर ही नहीं आए। इतना ही नहीं बस में जहां आपात हालात होने पर बाहर आने के लिए खिडकी होना जरुरी होता है, वहां खिडकी तो है, लेकिन अंदर सीट लगा रखी है। सडको पर ओवरलोड बस आम बात है तो सारंगपुर में बसों के दरवाजे पर लटककर यात्रा की मजबूरी है। यह परिवहन विभाग को छोडकर सभी को नजर आ रहा है।



### जांच पडताल अमला मैदान से गायब

शहर में जर्जर बसों का संचालन धडल्ले से जारी है, जिनके पास फिटनेस, परमिट और बीमा है कि नहीं यह सुनिश्चित और जांचने वाला अमला मैदान से गायब है। रोजाना नया बस स्टैण्ड से आधा सैकडा से अधिक बसें अपने गंतव्य रूप से धड;ल्ले से चल रहीं है। जिनपर निगरानी रखना तो दूर की बात है किसी भी विभाग द्वारा इन्हें रोककर यात्रियों का फीडबैक तक नहीं लिया है। ज्ञात हो कि यात्री बसों में बीते हादसों के बाद प्रदेश स्तर से निर्देश है की सभी यात्री बसों की जांच पडताल की जाए। साथ ही जर्जर बसों पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए है।

### सडको पर कंडम बसों की भरमार

सूत्रों की माने तो सारंगपुर से लगे शहरों में आवाजाही करने वाली दर्जन से अधिक बसों की फिजिकल कंडीशन ठीक नहीं है। किसी में आपातकालीन दरवाजे नहीं लगे हैं तो किसी की कुर्सियां इतनी जर्जर हो चुकी हैं कि सफर के दौरान यात्री एक-दूसरे से टकरा जाते हैं। कुछ बसें पुरानी होने की वजह से उनकी चद्दर और अन्य उपकरण खत्म होने के कगार पर हैं। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा खतरे में रहती है। बसों द्वारा परिवहन विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन नहीं करने के बावजूद इन पर जुमार्ना या चालानी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### इन रूटों पर नियमों का उल्लंघन

संचालित ज्यादातर बसों की फिटनेस संदिग्ध है। इसके बावजूद इनकी जांच नहीं की जा रही है। ऐसे में खिलचीपुर, जीरापुर, शाजापुर, आगर, शुजालपुर, कुरावर जाने वाले रूटों पर नियमों का जमकर उल्लंघन हो रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन सवारियों को होती है जो पूरा किराया देकर भी खडे-खडे ही अपना सफर तय करते हैं। बस संचालकों द्वारा सवारियों को होने वाली परेशानियों का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। बस ऑपरेटरो को महज अपने मुनाफे से मतलब है शायद यही कारण है कि स्टाफ अपनी नौकरी बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा सवारियों को बस में बिठा लेते है।

### स्कूली बसों की रफ्तार पर भी नियंत्रण नहीं

यात्री बसों के साथ-साथ स्कूली बसों की जांच पडताल भी पर्याप्त संख्या में नहीं की गई है। शुरूआत में कुछ बसों की फिटनेस परखी गई, इनमें से दो बसों को जब्त भी किया गया था।

**बोले जिम्मेदार**

पूर्व में हमारे द्वारा नियम तोड़ने वाली यात्री बसों पर कार्रवाई की है। पुनः सारंगपुर में आकर नियम विरुद्ध संचालित यात्री वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

**जानेंद्र वैश्य, आरटीओ, राजगढ़**

लेकिन अगले ही दिन बसों को अपने हाल पर छोड दिया गया। खास बात यह है कि स्कूली बसों की रफ्तार नियंत्रित होना चाहिए। लेकिन ऐसा होता नहीं है और पीली रंग की स्कूली बसों अनियंत्रित गति से चल रही हैं। जाहिर है इन बसों में बैठे बच्चों का जीवन खतरे में बना रहता है। इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। जिसे अब तक नजर अंदाज किया जाता रहा है।

### ऐसे काम करता सिस्टम

यात्री बसों में पैनिक बटन लगाना 2022 में अनिवार्य किया गया। इस बटन के साथ ही जीपीएस सिस्टम भी होना चाहिए। जिससे वाहन की लोकेशन का पता चलेगा। बटन को महिला आरक्षित सीटों के पास लगाया जाएगा। व्हीकल लोकेशन सिस्टम से उन यात्री बसों को भी पकडा जा सकेगा, जो तय रूट के अलावा अन्य मार्गों पर दौड रही है। पैनिक बटन दबाते ही वाहन से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी भोपाल स्थित सेंटर को मिल जाएगी। वहां से आस-पास के पुलिस थाना को सूचित किया जाएगा जिसके बाद पुलिस की टीम पहुंचकर वाहन को रोकर रोकर महिला यात्री की मदद करेंगे।

ट्रेडमार्क का उल्लंघन कर निजी लाभ कमाने वाला आरोपी गिरफ्तार

# गोयनका ऑईल इंडस्ट्रीज के नाम पर कंपनी की खल री-पैकेज कर बेचने का भंडाफोड़

6500 से अधिक नकली होलोग्राम, 110 ब्रांडेड बारदाने एवं पैकेजिंग सामग्री जप्त





दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़.पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना करनवास पुलिस द्वारा कॉपीराइट एवं ट्रेडमार्क उल्लंघन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो निजी लाभ कमाने के उद्देश्य से प्रतिष्ठित कंपनी के नाम का दुरुपयोग कर रहा था।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोयनका ऑईल इंडस्ट्रीज, खामगांव महाराष्ट्र के मार्केटिंग मैनेजर शुभम आर्य द्वारा सूचना दी गई कि दामड़िया रोड स्थित एक गोदाम में उनकी कंपनी के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क का अवैध उपयोग कर दूसरी कंपनी की खल को गोयनका ब्रांड में री-पैकेज कर बाजार में बेचा जा रहा है। उक्त सूचना को तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी करनवास उनि. कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गोदाम पर दबिश दी, जहां गोदाम मालिक जीवन पिता दीपचंद जायसवाल 42 वर्ष निवासी सुल्तानिया को गोयनका कंपनी की ब्रांडेड बोरियों में माल भरकर मशीन से सिलाई करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह स्वर्णा इंडस्ट्रीज की खल को गोयनका ऑईल इंडस्ट्रीज की डबल मशाल एवं गौरक्षक भोग जैसी प्रसिद्ध ब्रांडेड बोरियों में भरकर नकली होलोग्राम व टैग लगाकर किसानों एवं दुकानदारों को गुमराह कर बाजार में बेच रहा था। पुलिस ने गोयनका कंपनी के नाम से भरी हुई 22 री-पैकेज्ड बोरियां, गोयनका ऑईल इंडस्ट्रीज के 110 खाली प्रिंटेड बारदाने (बोरियां), 6550 नकली होलोग्राम, लगभग 873 ब्रांडेड पर्चे, रैपर, टैग, रिवो कंपनी की इलेक्ट्रिक बोरी सिलाई मशीन, सिलाई धागे के बंडल एवं कंपनी नाम वाली पैकेजिंग टेप बरामद की।

आरोपी का कृत्य दंडनीय पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया है। संपूर्ण कार्रवाई की वीडियोग्राफी ई-साक्ष्य के रूप में सुरक्षित की गई है।

## शादियों के सीजन में साइबर ठग सक्रिय, फर्जी लिंक से फैल रही है ठगी

**सुसनेर।** नगर में इन दिनों शादी-विवाह के सीजन का फायदा उठाकर साइबर ठग सक्रिय हो गए हैं। व्हाट्सएप पर शादी की पत्रिका (इनविटेशन कार्ड) के नाम से भेजे जा रहे पीडीएफ लिंक लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बनते जा रहे हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इस लिंक को खोलता है, उसका मोबाइल हैक हो जाता है और व्हाट्सएप अकाउंट पर ठगों का नियंत्रण हो जाता है। इसके बाद पीड़ित की व्हाट्सएप प्रोफाइल फोटो, नाम व अन्य जानकारियां बदल दी जाती हैं और उसी अकाउंट से ग्रुप व संपर्क सूची में मौजूद लोगों को वही लिंक या अन्य संदिग्ध लिंक भेज दिए जाते हैं।

नगर में बीते तीन से चार दिनों के भीतर ऐसे मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। जानकारी के अनुसार अब तक दर्जनभर से अधिक लोगों के मोबाइल फोन हैक हो चुके हैं। अधिकतर मामलों में लिंक शादी की पत्रिका या बैंक से संबंधित जरूरी सूचना के नाम पर भेजा गया। लोगों ने जैसे ही पीडीएफ फाइल या लिंक ओपन किया, कुछ ही मिनटों में उनका व्हाट्सएप अकाउंट अनधिकृत गतिविधियों का शिकार हो गया। पीड़ितों का कहना है कि लिंक देखने के बाद अचानक व्हाट्सएप लॉगआउट हो गया या फिर प्रोफाइल में बदलाव नजर आने लगे। इसके कुछ देर बाद परिचितों के फोन आने लगे कि आपके नंबर से संदिग्ध लिंक आ रहे हैं। कई मामलों में ठगों ने हैक किए गए अकाउंट से पैसे मांगने की कोशिश भी की, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान की आशंका बनी हुई है। साइबर जानकारों के अनुसार यह एक प्रकार का फिशिंग अटैक या मैलवेयर लिंक हो सकता है, जो मोबाइल में प्रवेश कर व्हाट्सएप की अनुमति हासिल कर लेता है। शादी का सीजन होने के कारण लोग बिना जांच-पड़ताल के पत्रिका समझकर लिंक खोल लेते हैं और ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसी तरह बैंक, केवाईसी अपडेट या अकाउंट बंद होने की चेतावनी जैसे मैसेज भी भेजे जा रहे हैं, जो पूरी तरह फर्जी हैं। नगरवासियों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है। लोग एक-दूसरे को सतर्क कर रहे हैं और अनजान लिंक न खोलने की अपील कर रहे हैं।

## समय पर खाद्यान उठाव हो, मीनू अनुसार बच्चों को भोजन मिले- बम्हौरे

**सारंगपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र सारंगपुर में बीपीएमय दिशादर्शी एवं अनुश्रवण समिति की विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक एसडीएम रोहित बम्हौरे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान श्रीबम्हौरे द्वारा सभी संकुल प्राचार्य, जनशिक्षक को एफएलएन संबंधी एवं स्व सहायता समूह के अध्यक्ष एवं सचिव को निर्देशित किया कि समय पर खाद्यान उठाव हो, मीनू अनुसार बच्चों को भोजन मिले। उन्होंने कहा कि समूह द्वारा अच्छी क्वालिटी के बर्तन खरीदी की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बर्तन खरीदी में कोई भी गड़बड़ी पाई जाने पर समूह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बीआरसी बीएल वर्मा द्वारा मुख्य रूप से एफएलएन के अंतर्गत सभी शालाओं में शिक्षक संदर्शिका का उपयोग करते हुए पाठ योजना का क्रियान्वयन करने और सभी शालाओं में रीडिंग कार्नर और गणित कार्नर बनाने तथा उसका उपयोग करने के निर्देश दिए।



ठंड से गेहूं-चना की फसलों को फायदाः

## किसानों को बेहतर उत्पादन की उम्मीद, रबी फसलों के लिए मौसम अनुकूल

**सारंगपुर।** भ्याना एवं आसपास के क्षेत्र में लगातार पड़ रही ठंड से रबी फसलों को सीधा लाभ मिल रहा है। गेहूं और चना जैसी प्रमुख फसलों की बढ़वार में तेजी देखी जा रही है। खेतों में हरियाली और फसलों की चमक देखकर किसान उत्साहित हैं, उन्हें इस साल बेहतर पैदावार की उम्मीद है। अनुकूल ठंड के मौसम में किसान फसलों की देखभाल में जुटे हैं, जिसमें समय पर सिंचाई, खाद और दवा का उपयोग शामिल है। वे खरपतवार नियंत्रण और कीटनाशक छिडकाव जैसी गतिविधियों पर ध्यान दे रहे हैं ताकि फसल की गुणवत्ता और उत्पादन बेहतर बना रहे। किसानों का कहना है कि जनवरी के दूसरे पखवाडे के बाद दिन बडे होने से धूप की तीव्रता बढे;गी और ठंड का असर धीरे-धीरे कम होगा। कृषि विभाग के एसएडीओ राजेश राजपूत ने बताया कि मौसम परिवर्तन से फसलों में बीमारियों का खतरा बढ जाता है, इसलिए किसान सतर्क हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ठंड के बावजूद कई क्षेत्रों में जल स्त्रोतों में पानी की कमी होने लगी है, जिससे सिंचाई में कठिनाई आ रही है। अधिकांश किसान अब मावठे का इंतजार कर रहे हैं, जिससे फसल को पर्याप्त पानी मिल सके और लाखों रुपए का फायदा हो। कृषि विभाग के अनुसार, वर्तमान में पड रही ठंड फसलों की ग्रोथ के लिए अनुकूल है। हालांकि, एसएडीओ राजपूत ने किसानों को सलाह दी है कि यदि ठंड अधिक बढ़ती है, तो पाले से बचाव के लिए खेतों में हल्की सिंचाई करें।

कांग्रेस ने भागीरथपुरा घटना पर दिया धरना

## जिम्मेदारों पर कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने की रखी मांग




**देवास।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदौर के भागीरथपुरा में हुई घटना और पानी की गुणवत्ता के आंकड़ों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय मंडूक पुष्कर तालाब के समीप दो घंटे तक धरना दिया गया, जिसमें कांग्रेस पदाधिकारियों ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी ने बताया कि इंदौर के भागीरथपुरा में हुई घटना के संदर्भ में यह धरना दिया गया था। उन्होंने मांग की कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो, पीड़ितों को न्याय मिले और उन्हें एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि राहुल गांधी पीड़ितों से मिलने पहुंचे हैं। शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कहा कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जल के कारण लगभग दो दर्जन लोगों की मौत हुई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी लगातार प्रशासन को जगाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने इस बड़ी चूक के लिए जिम्मेदारों को सजा देने की मांग की और पूरी सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। गौतम ने सवाल उठाया कि जो इंदौर शहर स्वच्छता में देश में नंबर वन आता है, यदि वह शुद्ध पानी नहीं पिला पा रहा है, तो क्या उसे 'दो नंबर' तरीके से स्वच्छ शहर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस धरने और विरोध प्रदर्शन के माध्यम से वे 'सोई हुई सरकार' को जगाने की कोशिश कर रहे हैं।

## उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष यादव का साथियों सहित करेंगे सम्मान

**महिदपुर रोड।** आगामी 20 जनवरी को नगर में उज्जैन प्रेस क्लब के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष नंदलाल यादव तथा उनके साथियों का आंचलिक पत्रकार संघ के साथियों की ओर से प्रथम महिदपुर रोड आगमन पर सम्मान किया जायेगा कार्यक्रम के आयोजक योगेंद्र सिंह शाक्य ने बताया आयोजन में आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश टांक संरक्षक डॉ रामचंद्र ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश गौड संभागीय अध्यक्ष रामचंद्र गिरी संभागीय उपाध्यक्ष दिनेश मंडोवरा जिला अध्यक्ष सुनील जैन रामसना सहित आंचलि क पत्रकार संघ के उज्जैन तथा महिदपुर के समस्त पत्रकार साथी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भुखण्ड क्रमांक 59 का दक्षिण दिशा का भाग, न्यु नंबर 59/ए. कंचन विहार परिसर कॉलोनी, नीलगंगा, उज्जैन कुल क्षेत्रफल 38.72 वर्गमीटर को नाकोड़ा गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, उज्जैन के द्वारा राजकुमार पिता श्री किशनमलजी देवनानी निवासी 6/1, पटेल नगर कॉलोनी, उज्जैन को दस्तावेज क्रमांक 302 तारीखी 23/04/2001 के माध्यम से विक्रय किया गया था। यह दस्तावेज कहीं गुम गया है और मिल नहीं रहा है तथा मिलने की संभावना भी नहीं है, उक्त दस्तावेज किसी के पास हो या इस दस्तावेज को सामयिक बंधक कर कोई ऋण किसी भी व्यवसायिक बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य किसी से प्राप्त किया गया हो या इस मकान पर कोई ऋण भार हो या अन्य किसी का कोई हित हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 15 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा इस अवधि के बाद उक्त मकान को वर्तमान स्वामी प्रिती गुप्ता पत्नि श्री सुरजजी गुप्ता के द्वारा उक्त भवन को एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड़ के पास बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त कर लिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 17/01/2026 ई., स्थान - उज्जैन

**(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन 2554829, 94253-80339**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्री राहुल मालवीय पिता श्री सिद्धलालजी, 02-श्री सुनील मालवीय पिता श्री सिद्धलालजी, दोनो निवासी भेरूगढ उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नंबर-1086/1 (S) रकबा 0.4000 हेक्टर, 1086/2 (S) रकबा 0.2200 हेक्टर एवं 1086/3 (S) रकबा 0.1800 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 0.8000 हेक्टर ग्राम मलवासा, तहसील व जिला आगर-मालवा (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामियो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों।

इति दिनांक-17.01.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1 श्रीमती हीना कुंवर पति श्री जितेन्द्र सिंह पंवार निवासी ग्राम मालीखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन 2-जितेन्द्र सिंह पंवार पिता श्री भारत सिंह पंवार निवासी ग्राम मालीखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन म्यु क्रमांक 37/1 का भाग वर्तमान म्यु क्रमांक 37/1/12 स्थित मोहन नगर (ए) आगर रोड़ उज्जैन में है। उक्त भवन दो मंजिला आर.सी.सी. की छत का निर्मित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 115.51 वर्गमीटर अर्थात 1243.34 वर्गफीट होकर उक्त भवन की लम्बाई पूर्व-पश्चिम बतरफ उत्तर 20.73 मीटर व बतरफ दक्षिण 19.73 मीटर एवं चोड़ाई उत्तर-दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 5.71 मीटर उक्त भवन के पूर्व दिशा में रास्ता, पश्चिम दिशा में खुली भूमि सोहन सिंह पंवार की, उत्तर दिशा में खुली भूमि गुप्ता जी का, दक्षिण दिशा में खुली भूमि रेणुका उपाध्याय की मिली है, के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का अनुबन्ध किया है और इसके सम्बन्ध में मेरे पक्षकार के हित में बयाना राशि प्राप्त कर अनुबन्ध-पत्र मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है । तथा शेष राशि अनुबंधानुसार अदाकर अनुबन्ध के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भवन के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भवन में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी।

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय 111, प्रथम तल, हर्षदीप टॉवर, पेट्रोल पम्प के पास,**
**नानाखेड़ा, उज्जैन मो.न. 9826266570**

# एम्बुलेंस में ऑक्सीजन नहीं मिलने का आरोप युवक की मौत के बाद सिविल अस्पताल में प्रदर्शन

## 20 वर्षीय युवक की मौत पर फूटा युवाओं का गुस्सा, सुसनेर सिविल अस्पताल घेरा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



नगर में शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 20 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गोपाल पिता प्रेमचन्द्र प्रजापत, उम्र 20 वर्ष निवासी इतवारिया बाजार सुसनेर के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक ने अज्ञात कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन व मोहल्लेवासी मौके पर पहुंचे और तत्काल युवक को सुसनेर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल आगर रेफर कर दिया गया।

परिजनों और स्थानीय युवाओं का आरोप है कि सिविल अस्पताल में युवक को समय पर और पर्याप्त उपचार नहीं मिला। वहीं रेफर के दौरान एम्बुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर खाली होने के कारण युवक को ऑक्सीजन सपोर्ट नहीं मिल पाया जिससे उसकी हालत और अधिक बिगड़ गई।

जिला अस्पताल आगर पहुंचने पर उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना के बाद जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक का अंतिम संस्कार किए जाने के बाद नगर में आक्रोश का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में नगर के युवा सिविल अस्पताल पहुंचे और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शनकारी युवाओं का कहना था कि यदि समय पर समुचित इलाज और रेफर के दौरान ऑक्सीजन की व्यवस्था होती तो युवक की जान बचाई जा सकती थी। प्रदर्शन की सूचना पर करीब 30 मिनट बाद सिविल अस्पताल में डॉक्टर बी.बी. पाटीदार पहुंचे और युवाओं को समझाने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। युवाओं ने अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार, जिम्मेदारों पर कार्रवाई तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान एसडीएम सर्वेश यादव, एसडीओपी देवनारायण यादव, तहसीलदार रामेश्वर दांगी, नायब तहसीलदार राजेश श्रीमाल, थाना प्रभारी केसर राजपूत सहित पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने युवाओं से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने की अपील की और जांच का आश्वासन दिया।



## ई-टोकन जारी करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया किसानों के मोबाईल पर दी गई

**राजगढ़-ब्यावरा।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि रथ का शुभारम्भ जिले के 6 विकासखण्डों में किया गया। जिसमें प्रत्येक विकासखण्ड कि प्रतिदिन 3 पंचायतो में भ्रमण कर किसानो को कृषि क्षेत्र से जुड़ी समस्त योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है तथा प्रत्येक योजना में प्राकृतिक प्रारूप को अपनाने के लिये प्राकृतिक खेती के लाभ बतायें जा रहे है। अभी तक जिले में 90 पंचायतो में जाकर किसानो को कृषि योजनाओं से अवगत कराया गया। गुरुवार को जिले में ई-टोकन प्रणाली प्रारम्भ हो रही है। जिसकी जानकारी विकासखंड राजगढ़, खिलचीपुर, ब्यावरा में उप संचालक कृषि सचिन जैन, सहायक संचालक व्ही.के.नायता एवं ब्यावरा कृषि विस्तार अधिकारी अरविन्द मेंवाड़ा एवं कृषि विभाग के अमले द्वारा किसानो को दी गई। साथ ही किसानो को मोबाईल द्वारा ई-टोकन जारी करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया किसानो के मोबाईल में उप संचालक कृषि श्री जैन द्वारा बताई गई। जिससे किसानो को अब खाद खरीदने के लिये लाईनो में नही लगना पड़ेगा।

## कलेक्टर ने सांदीपनी स्कूल सुसनेर का किया निरीक्षण दिए निर्देश



**सुसनेर।** कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव द्वारा शुक्रवार को नवनिर्मित सांदीपनी स्कूल भवन का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने पूरे भवन परिसर का भ्रमण किया और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि भवन का एग्जिट प्रोटोकॉल अंतर्गत जांच समिति से जांच करवाएं। जो भी कमी पाई जाए, उसे संबंधित ठेकेदार के माध्यम से दूर करने के बाद ही हैंडोवर किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, एसडीओपी देवनारायण यादव, जिला शिक्षा अधिकारी एमके जाटव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों को किया पाठ्य सामग्री का वितरण



**महिदपुर रोड।** विधायक दिनेश जैन बॉस ने शुक्रवार को ग्राम झुटा वद की शासकीय एकीकृत माध्य मिक विद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में कक्षा पहली से आठवीं तक के स्कूली बच्चों को कापी तथा पेन (पाठ्य सामग्री) का वितरण ग्राम के पार्टी पदाधिकारियों तथा स्कूली बच्चों के अभिभावकों की उपस्थिति में किया। इस दौरान विधायक जैन ने स्कू ली बच्चों को मन लगाकर पढ़ने तथा अपने गांव तथा माता-पिता का नाम का सम्मान बढाने की बात कही।

## ओलंपियाड परीक्षा में 196 विद्यार्थी शामिल हुए कन्या विद्यालय में हुई परीक्षा



**शुजालपुर।** जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा 2026 का आयोजन पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी में किया गया। परीक्षा में कक्षा दूसरी से कक्षा आठवीं के विभिन्न विषयों के ब्लॉक स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में चयनित परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा के लिए 16 जनवरी को नामांकित कुल 241 छात्र-छात्राओं में से 196 विद्यार्थी उपस्थित हुए जो 80 प्रतिशत रही। शासन के निर्देशानुसार सभी विद्यार्थियों को बैठकर भोजन करवाया गया। उपस्थित सभी बच्चों को जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र कुमार गोखले ने छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस परीक्षा को संपन्न कराने में सभी बीएसीए सीएसी एवं परीक्षा में ड्यूटी दे रहे हैं सभी शिक्षकों तथा लेखपाल लखन सिंह मेवाडा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ईट भट्टा पर जा रही विवाहित महिला से छेड़ छाड़ प्रकरण दर्ज

**इंगोरिया।** पुलिस ने ग्राम दुनालजा में ईंट भट्टा पर जा रही विवाहित महिला से छेड़ छाड़ का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता पीड़िता ने अपने पति के साथ थाने आकर पुलिस को की शिकायत में बताया कि शुक्रवार सुबह 8 बजे काम पर जा रही थी तभी हरनावदा रोड पुलिया के पास गांव का ही चंदर बारिया रास्ते में मिला। रास्ता रोक कर अश्लील बात और छेड़ छाड़ की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बी एन एस की धारा 2023 / 79 में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

# ग्राम पगारी में शमशान के अभाव से ग्रामीणों को भारी परेशानी, आवंटित भूमि भी बदहाल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा



राजगढ़ जिले के ग्राम पगारी में शमशान (मुक्तिधाम) की समुचित व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीणों को आए दिन गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील समय में परिजनों को सम्मानजनक स्थान तक भी कठिनाई से पहुंचना पड़ता है, जिससे शोक की घड़ी और अधिक पीड़ादायक बन जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के लिए जो भूमि शमशान हेतु आवंटित की गई है, वह वर्तमान में पूरी तरह उपेक्षित अवस्था में है। उस भूमि पर चारों ओर कांटेदार झाड़ियां उगी हुई हैं, जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं और समतलीकरण का कोई कार्य नहीं किया गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब पानी भर जाने से वहां पहुंचना तक संभव नहीं हो पाता।

ग्रामीण बताते हैं कि कई बार अंतिम संस्कार के समय उचित स्थान न मिलने के कारण उन्हें अस्थायी और असुविधाजनक स्थानों पर संस्कार करना पड़ता है, जो न केवल परंपराओं के विरुद्ध है बल्कि मानवीय दृष्टि से भी अत्यंत पीड़ादायक स्थिति है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को शमशान स्थल तक ले जाने में भारी परेशानी होती है। ग्रामवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। शमशान जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में ग्रामीणों में आक्रोश और निराशा दोनों बढ़ते जा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आवंटित भूमि को तत्काल साफ-सुथरा कर समतल किया जाए, कांटेदार झाड़ियों को हटाया जाए तथा वहां पक्का शमशान (मुक्तिधाम) निर्माण कराया जाए, जिसमें चबूतरा, छाया, बैठने की व्यवस्था और रास्ता जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। ग्राम पगारी के लोगों का कहना है कि अंतिम संस्कार केवल एक क्रिया नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक सम्मान से जुड़ा विषय है, जिस पर प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

## टेलीग्राम से शेयर मार्केट धोखाधड़ी: 5 आरोपी गिरफ्तार

**देवास**

देवास पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर टेलीग्राम के जरिए करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन शातिर बदमाशों को होटल श्रीजी, गंगानगर, देवास से पकड़ा गया और बाद में जेल भेज दिया गया। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को 8 जनवरी 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि होटल श्रीजी में कुछ संदिग्ध लोग रुके हुए हैं, जो साइबर धोखाधड़ी से जुड़े हो सकते हैं। सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। एसपी पुनीत गेहलोद के आदेश पर एक टीम गठित की गई, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए होटल में दबिश दी। पुलिस टीम ने मुनेश्वर उर्फ मनीष सेन, पीयूष बिल्लोरे, शुभम जोशी, आशीष जैन उर्फ गोलू और गौरव जैन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनके बैंक स्टेटमेंट खंगालने पर करोड़ों रुपए के लेनदेन का खुलासा हुआ।

### लेनदेन करवाकर फरार हो जाते थे

आरोपियों ने बताया कि वे अपनी पहचान छिपाकर टेलीग्राम के माध्यम से भोले-भाले लोगों को शेयर मार्केट में निवेश पर भारी लाभ का लालच देते थे। वे खातों में करोड़ों रुपए का लेनदेन करवाकर फरार हो जाते थे। वे अपनी पहचान और पते भी फर्जी बताते थे।

## फर्द बटवारा में राशि मांगने की शिकायत पर पटवारी निलंबित

**बावरा-राजगढ़।** भूमि बटवारे के प्रकरण में फर्द बटवारा हेतु राशि की मांग किए जाने की शिकायत पर ग्राम तलावड़ा निवासी शिकायतकर्ता मोहनलाल पिता देवीराम तंवर द्वारा भूमि सर्वे क्रमांक 3 सहित कुल 16 किता, कुल रकबा 5.891 हेक्टेयर भूमि के बटवारे के संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार भोजपुर में बटवारा प्रकरण क्रमांक 0115/अ-27/2025-26 प्रस्तुत किया। पटवारी द्वारा फर्द बटवारा हेतु राशि की मांग की जाने की शिकायत शपथ के माध्यम से पेश की। शिकायतकर्ता मोहनलाल एवं अन्य साक्षी कंवरलाल एवं धारासिंह के कथन अंकित किये गये। वर्तमान में बटवारा प्रकरण न्यायालय नायब तहसीलदार भोजपुर में प्रचलित है। पटवारी द्वारा समाचार लिखे जाने तक फर्द बटवारा प्रकरण में रिपोर्ट पेश नही करने के कारण प्रथम दृष्टया लापरवाही प्रतीत होने से संबंधित पटवारी देवेन्द्र मीणा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया इनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय राजस्व खिलचीपुर में संलग्न किया गया। नायब तहसीलदार भोजपुर को नोटिस जारी कर जवाब लेने की कार्यवाही की जा रही।

### आज का युग नवाचार और उद्यमिता का है

# राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर विद्यार्थियों को मिला उद्यमिता का मार्गदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

जवाहरलाल नेहरू शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस का आयोजन स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति से परिचित कराना तथा स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि आज का युग नवाचार और उद्यमिता का है, भारत तेजी से स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है और युवाओं के पास अपने विचारों को व्यवसाय में बदलने के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप न केवल रोजगार सृजन का माध्यम हैं, बल्कि आर्थिक विकास और सामाजिक समस्याओं के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्य वक्ता प्रभारी स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ डॉ. आशीष यादव ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप विकास की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है, जो युवाओं के लिए गर्व का विषय है। डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को अपने विचारों पर भरोसा रखने, बाजार की आवश्यकताओं को समझने, सही मेंटर खोजने और नेटवर्किंग पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे स्तर से शुरूआत कर निरंतर सीखते हुए आगे बढ?ा ही सफ लता की कुंजी है। डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को डिजिटल युग की आवश्यकताओं से अवगत कराते हुए डिजिटल मार्केटिंग, फ इनेंशियल प्लानिंग, ब्रांडिंग और ग्राहक प्रबंधन जैसे कौशल विकसित करने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि स्टार्टअप दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का संदेश देता है। विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं, स्टार्टअप इंडिया पहल और विभिन्न वित्तीय एवं मार्गदर्शन सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय सहभागिता की और उद्यमिता से जुड़ी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में नवाचार, आत्मविश्वास और उद्यमशीलता की भावना को सुदृढ़ किया।

# पुरस्कार वितरण एवं वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना




अभिज्ञान शिक्षा संस्थान में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। समारोह की विशेष और अनूठी पहल यह रही कि संस्थान के भूतपूर्व छात्र, जो आज विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं, उन्हें अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इससे वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना से हुआ, जिसे छात्राएँ कृतिका राठौर, आरती राजोरिया एवं नंदिनी ठाकुर ने भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ प्रस्तुत किया। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. नीलोफर शेख (असिस्टेंट प्रोफेसर) रहीं, जिन्होंने स्टेज-1 एवं स्टेज-2 उत्तीर्ण किए हैं। उन्हें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर से फैलोशिप प्राप्त हुई, जो भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, मुंबई द्वारा स्पॉन्सर्ड रही, साथ ही एमपी यंग साइंटिस्ट फैलोशिप भी प्राप्त हुई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विद्या आंजना (बी.ए.एम.एस.), वर्तमान में कायथा आयुर्वेदिक औषधालय में पदस्थ, ने की।विशेष अतिथि के रूप में संस्थान के पूर्व छात्र इकरार खान (10वीं व 12वीं तहसील टॉपर), वर्तमान में इटावा पोस्ट ऑफिस में पदस्थ, विशेष अतिथि शुभम जायसवाल खड़गपुर से उत्तीर्ण, वर्तमान में बेंगलुरु में बिजनेस एनालिस्ट के पद पर कार्यरत, उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया तथा अपने विद्यालय के पुराने पलों को याद करते हुए संस्थान की श्रेष्ठता को नमन किया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष नरेंद्र कानड़ी, कोषाध्यक्ष विनिता कानड़ी, प्राचार्य दिनेश कुमार हरड़, विद्यालय संचालक श अशोक कानड़ी, संस्था सचिव जगमोहन सोनी एवं प्रधान अध्यापक अंबाराम चौहान की गरिमामय उपस्थिति रही।इस अवसर पर विद्यालय का विकास प्रतिवेदन विद्यालय संचालक अशोक कानड़ी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, सहशैक्षणिक गतिविधियों एवं भावी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य, नाटक एवं समूह प्रस्तुतियाँ रहीं, जिनमें सामाजिक संदेश, देशभक्ति एवं नैतिक मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।



## कार-बाइक टक्कर में बाइक सवार घायल, उज्जैन किया रैफर

**इंगोरिया।** उज्जैन बदनावर फोर लेन पर इंगोरिया के समीप शुक्रवार सुबह 10 बजे बाइक सवार की अज्ञात कार चालक से टक्कर हो गई। जिससे वह घायल हो गया। कार चालक मौके से कार भगा ले गया। एंबुलेंस पायलेट दिलीप सिंह राजपूत ने बताया कि लाखन पिता सिद्धू उम्र 30 वर्ष निवासी आगर मोटर सायकल से रतलाम जा रहा था तभी फोर लेन पर अज्ञात कार चालक से टक्कर हो गई। ई एम टी सुरेश मीणा और पायलेट नरेंद्र द्वारा घायल को प्राथमिक उपचार दिया और इंगोरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ईलाज हेतु ले जाया गया। उसके पैर में फैक्चर होने से उज्जैन जिला चिकित्सालय रैफर किया गया।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम विभाग मंत्री पटेल ने गाड़गंगा नदी पर किया पूजन



**राजगढ़-ब्यावरा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ग्राम पंचायत संडावता के अंतर्गत ग्राम मलकाना स्थित गाड़गंगा नदी पर विधिवत पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर उन्होंने नदी संरक्षण एवं ग्रामीण विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्रवासियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि गाड़गंगा नदी क्षेत्र की आस्था और संस्कृति से जुड़ी हुई है, ऐसे में इसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी हम सभी की है। नदी के स्थल को स्वच्छ और संरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रम विभाग मंत्री श्री पटेल द्वारा गाड़गंगा नदी में दीप जलाकर प्रवाहित किए गए। उन्?होंने कहा कि नदियाँ हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक हैं, और ऐसे आयोजन समाज को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने नदियों के संरक्षण, संवर्धन एवं जनसहभागिता के महत्व पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि नदियां केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और जीवनशैली की आधारशिला हैं। मैंने स्वयं मां नर्मदा की परिक्रमा की है, जिससे यह अनुभूति और भी प्रगाढ़ हुई है कि नदियों का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मानस यात्रा का उद्देश्य नदियों के प्रति जनचेतना जागृत करना, जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सतत जल व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में जल संरक्षण के पारंपरिक तरीकों को अपनाने, वृक्षारोपण बढ़ाने और नदी तटों की स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।

## खिलचीपुर पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही




**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के थाना खिलचीपुर में सड़क दुर्घटना के संबंध में अपराध क्रमांक 18/26 धारा 281 बीएनएस एवं मोटर व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। गत दिनों लगभग 10 बजे, एसडीएम कार्यालय के सामने राजगढ़ रोड, खिलचीपुर पर फरियादी जगदीश पिता गंगाराम दांगी 34 वर्ष निवासी घाटाखेड़ी, अपने ट्रैक्टर सोनालिका क्रमांक एमपी 39 ऐडी 2958 से पेट्रोल पंप से डीजल भरवाकर मुख्य मार्ग पर आया था। इसी दौरान राजगढ़ की ओर से आ रही एक स्कूल बस को उसके चालक द्वारा तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ट्रैक्टर में टक्कर मार दी गई। दुर्घटना में बस में सवार 09 बच्चे घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना खिलचीपुर पुलिस द्वारा तत्काल प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मौके का नक्शा मौका तैयार किया गया तथा फरियादी एवं प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों के कथन लेखबद्ध किए गए। बस चालक रतन पिता मदनलाल दांगी, निवासी हिनोतिया, के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। बस क्रमांक एमपी 13 जैडजी 7375 के चालक को धारा बीएनएनएस का नोटिस तामील कराया गया एवं वाहन से संबंधित दस्तावेज जप्त किए गए। विवेचना में बस का वैध परमिट एवं फिटनेस न होना पाया गया। इस पर बस संचालक एवं स्कूल प्राचार्य शिवचरण दांगी के विरुद्ध धारा एवं मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत अपराध में इजाफा किया गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।





# सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- याक पर राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र (NRCY) किस भारतीय राज्य में स्थित है
अरुणाचल प्रदेश
- पृथ्वी पर सबसे बड़ी नदी कौन सी है?
अमेजन नदी
- भारत की सबसे ऊँची पर्वत चोटी कौन सी है?
कंचनजंगा
- विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा कौन सी है?
मंदारिन चीनी
- संयुक्त राज्य अमेरिका के पहले राष्ट्रपति कौन थे?
जार्ज वाशिंगटन
- भारतीय संविधान में कितने मौलिक अधिकारों का उल्लेख है?
6
- भारत के नेपोलियन के रूप में किसे जाना जाता है?
समुद्रगुप्त
- पंजाब केसरी के नाम से किसे जाना जाता था?
लाला लाजपत राय
- विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
7 अप्रैल
- विश्व स्वास्थ्य दिवस 2022 की थीम क्या थी?
हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य
- 'लाइफ इज ब्यूटीफुल' फिल्म का निर्देशन किसने किया था?
रॉबर्टो बेनिग्नी
- किस ग्रह को भोर/शाम का तारा कहा जाता है?
शुक्र
- कौन सा महाद्वीप सौर ऊर्जा में सबसे अधिक निवेश करता है?
एशिया



ठंड बढ़ने पर चलने वाली शीत-लहर आपके बच्चे को बीमार बना सकती है, जिसके कारण उसे जुकाम, बुखार और नाक बहने की समस्या हो सकती है।

# छोटे बच्चे ठंड में नहीं पड़ेंगे बीमार

## शीत-लहर और सर्दी, जुकाम से बचने के लिए ध्यान रखें ये टिप्स

सर्दी की ठंडी हवा जरा सी चूक होने पर आपको बीमार बना सकती है। बच्चों के लिए तो सर्दियों का मौसम और ज्यादा परेशानियों भरा होता है। ठंडी हवा के चपेट में आने से उन्हें जुकाम, बुखार, नाक बहने, सीने में जकड़न जैसी कई समस्याएं होने लगती हैं। चूंकि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बड़ों से कमजोर होती है, इसलिए बच्चे इन बीमारियों की चपेट में जल्दी आते हैं। सर्दियों की ठंडी हवा और रोगों से बचाव के लिए सिर्फ मोटे गर्म कपड़े पहनाना ही नहीं जरूरी, बल्कि कई और आदतें भी जरूरी हैं। हम आपको बता रहे हैं 5 ऐसी टिप्स, जो इन सर्दियों में आपकी और आपके बच्चों की रक्षा करेंगी।

### खूब पानी पिलाएं

सर्दियों में आमतौर पर बच्चों को प्यास कम लगती है, मगर इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि उनके शरीर को सर्दियों में कम पानी की जरूरत हो। अगर आपका बच्चा कम पानी पीता है, तो इससे उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता और कम हो जाती है, जिससे वो बीमारियों का शिकार जल्दी होता है। जब बच्चा पर्याप्त पानी पीता है, तो उसके शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स और गंदे बैक्टीरिया पेशाब के रास्ते से बाहर निकलते रहते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए अपने बच्चों को रोजाना कम से कम 7-8 ग्लास पानी पीने की आदत डालें।

### काम और पैर बंद रखें

छोटे बच्चे आमतौर पर कपड़े तो पहने रहते हैं क्योंकि उन्हें इसकी आदत होती है। मगर वो मोजे और टोपी उतार देते हैं। बच्चों को ठंड लगने का सबसे ज्यादा खतरा कान और पैरों से ही होता है। इसलिए बच्चे को न तो नंगे पांव खेलने दें और न ही उसके कान देर तक खुले रहने दें। अगर बच्चा टोपी उतार कर फेंक देता है, तो आप उसे डोरी वाली टोपी पहनाएं, जिससे वो आसानी से उसे न उतार पाए। इसी तरह पैरों को ढका रखने के लिए बच्चों को मोजे जरूर पहनाएं। सर्दियों में चप्पल के बजाय उन्हें जूते पहनाना ज्यादा बेहतर है। इससे वो मोजे को आसानी से उतार भी नहीं पाएंगे।

### बाहर खेलने से न रोकें

अक्सर मां-बाप को लगता है कि अगर बच्चा बाहर खेलने जाएगा, तो उसे ठंड लग जाएगी। मगर यहां पर आप गलत हैं। खेलना बच्चों के लिए बेहद जरूरी है क्योंकि इससे उनके शरीर का विकास और स्वास्थ्य जुड़ा हुआ है। इसके अलावा बाहर खेलने के दौरान जब बच्चे तरह-तरह के बैक्टीरिया से लड़ते-जूझते हैं, तभी उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। इसलिए सर्दी के मौसम में भी बच्चों को बाहर खेलने से न रोकें। बस इस बात का ध्यान रखें कि उनका पूरा शरीर अच्छी तरह ढका हो, जिससे ठंडी हवा शरीर तक न पहुंचे।

### 9-11 घंटे सोने दें

बहुत सारे मां-बाप सुबह खुद भी जल्दी उठते हैं और बच्चों को भी उठा देते हैं। ध्यान दें कि आपके बच्चों की नींद की जरूरत और आपकी नींद की जरूरत में अंतर होता है। छोटे बच्चों के लिए कम से कम 10 घंटे की नींद जरूरी होता है। नींद के दौरान न सिर्फ बच्चे के अंगों का विकास तेज होता है, बल्कि उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है। इसलिए छोटे बच्चों को सर्दियों में 9-10 घंटे की नींद जरूर लेने दें। अगर वो इससे कम सोते हैं, तो उन्हें ज्यादा सुलाने की कोशिश करें।

### खाने में गर्म चीजों का इस्तेमाल करें

शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इन्यूनिटी का सीधा संबंध खाने से है। इसलिए बच्चों को सर्दियों में ठंड से बचाने के लिए उन्हें गर्म चीजें तो खिलाएं ही, साथ ही ऐसी चीजें खिलाएं जो उनकी इम्यूनिटी को मजबूत करें, जैसे- फल और हरी सब्जियां, अदरक, लहसुन, अजवायन, काली मिर्च, दालचीनी, दाल, बादाम, अखरोट, पिस्ता, अंडे, चिकन, मछली आदि।

### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



# Sport

तमीम पर 'इंडियन एजेंट' टिप्पणी के बाद बांग्लादेश क्रिकेट में बवाल मचा। बीपीएल और डीपीएल मैच उथल-पुथल में पड़े। विवादित अधिकारी नजमुल इस्लाम माफी को तैयार हैं, लेकिन बीसीबी इसे बंद कमरे में करना चाहता है, जबकि खिलाड़ी सार्वजनिक माफी और डायरेक्टर पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। सरकार के खेल सलाहकार भी खिलाड़ियों के पक्ष में हैं। संकट अब बीसीबी के फैसले पर टिका है।

# बंद कमरे की माफी नामंजूर? खिलाड़ियों की जिद- नजमुल जनता के सामने बोलें सॉरी





**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट इन दिनों बड़ी उथल-पुथल से गुजर रहा है। क्रिकेट बोर्ड (BCB) के डायरेक्टर एम. नजमुल इस्लाम द्वारा पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 'इंडियन एजेंट' कहने के बाद शुरू हुआ विवाद अब सिर्फ बयानबाजी की लड़ाई नहीं, बल्कि सम्मान और जवाबदेही का मुद्दा बन गया है। उनकी टिप्पणी के बाद वरिष्ठ खिलाड़ियों ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग (BPL) और ढाका प्रीमियर लीग (DPL) के मैचों का बहिष्कार कर दिया, जिससे पूरा ढांचा हिल गया।

विवाद तब और बढ़ गया जब नजमुल ने यह भी कहा कि अगर खिलाड़ी टी20 विश्व कप से बाहर होते हैं तो बोर्ड उन पर कोई एहसान नहीं करेगा। उन्होंने कहा था, 'हमने उनमें निवेश किया है, लेकिन उन्होंने बदले में क्या दिया? क्या हमने एक भी वैश्विक ट्रॉफी जीती?' यह बयान बांग्लादेश के न्यूज वेबसाइट 'डेली स्टार' को उन्होंने दिया था।

### माफी की पेशकश, पर खिलाड़ियों को क्यों मंजूर नहीं?

कड़ी आलोचना के बीच बीसीबी ने नजमुल इस्लाम को फाइनेंस कमेटी की चेयरमैनशिप से हटा दिया पर डायरेक्टर पद से नहीं हटाया। बाद में खबर आई कि नजमुल इस्लाम माफी मांगने को तैयार हैं, लेकिन बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम के अनुसार यह माफी बंद कमरे में होनी चाहिए।

बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कथित तौर पर फोन कॉल में बीसीबी प्रमुख ने कहा, 'माफी संभव है, लेकिन निजी बैठक में।' हालांकि खिलाड़ियों ने इसे खारिज कर दिया। उनके अनुसार यह अपमान सार्वजनिक था, इसलिए माफी भी सार्वजनिक होनी चाहिए।

क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश (CWAB) की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'चूंकि बीसीबी डायरेक्टर एम. नजमुल इस्लाम ने सार्वजनिक तौर पर अपमान किया है, इसलिए हम चाहते हैं कि वे सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें।' CWAB ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर सार्वजनिक माफी होती है और उन्हें डायरेक्टर पद हटाने की प्रक्रिया जारी रहती है, तभी खिलाड़ी वापस से बीपीएल खेलने को तैयार होंगे।

### सरकार के खेल सलाहकार भी बोले: राष्ट्रीय छवि दांव पर

इस विवाद पर सिर्फ क्रिकेटर्स ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश सरकार के युवाकला एवं खेल सलाहकार आसिफ नजरूल ने भी नाराजगी जताई। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'इस वक्त हमें दुनिया को बताना है कि हम एकजुट देश हैं। ऐसे समय में एक जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति खिलाड़ियों का अपमान करे तो यह समझ से परे है।' उन्होंने तमीम और खिलाड़ियों के सम्मान को राष्ट्रीय पहचान का हिस्सा बताया और इसे असंवेदनशील और गैर-पेशेवर व्यवहार कहा।

### क्या खिलाड़ियों ने बॉयकॉट वापस लिया?

इसी बीच खबर आ रही है कि क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश (CWAB) ने देर रात बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के साथ समझौता होने के बाद गुरुवार को बांग्लादेश प्रीमियर लीग (BPL) के बहिष्कार को वापस ले लिया। उन्होंने (बीसीबी) आश्वस्त किया है कि वे उनसे (नजमुल) बात करेंगे और संभवतः जल्द हमारी मांगों को पूरा करेंगे।' इसमें पब्लिकली माफी सबसे अहम है।

### आगे क्या? गेंद बीसीबी के पाले में

अभी स्थिति यह है कि: माफी की पेशकश तो है, पर यह कैसे हो, इस पर विवाद है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खिलाड़ियों ने बॉयकॉट रोक दिया है, लेकिन और शर्तें भी रखी हैं।

सरकार के प्रतिनिधि भी खिलाड़ियों के पक्ष में खड़े हो गए हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक, यह विवाद बांग्लादेश क्रिकेट के संस्थागत सुधार की शुरूआत भी साबित हो सकता है।

### बोर्ड बनाम खिलाड़ी: शर्तों की जंग

क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश के अध्यक्ष मोहम्मद मिथुन ने साफ कहा कि प्रक्रिया के नाम पर खिलाड़ियों को बहलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, 'पिछली रात से हमें हर कदम पर प्रोसीजर-प्रोसीजर का हवाला दिया गया। सवाल यह है कि 48 घंटे बाद भी अगर वह डायरेक्टर बना रहता है तो क्या क्रिकेट फिर से रुकेगा?'

### खिलाड़ियों की मुख्य शर्तें क्या हैं?

- नजमुल इस्लाम की सार्वजनिक माफी
- डायरेक्टर पद से औपचारिक निष्कासन की प्रक्रिया
- इस दौरान खिलाड़ियों पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई न हो
- CWAB ने यह भी कहा कि बीसीबी चाहे तो प्रक्रिया में समय ले सकता है, लेकिन माफी अभी होनी चाहिए।

### बीपीएल पर संकट: हो सकता है काफी नुकसान

विवाद का सीधा असर बांग्लादेश प्रीमियर लीग पर पड़ा। गुरुवार को पहले मैच के लिए खिलाड़ी मैदान में नहीं उतरे। शुक्रवार को ढाका कैपिटल्स बनाम रंगपुर राइडर्स और चटोग्राम रॉयल्स बनाम राजशाही वॉरियर्स के मैच होने थे, लेकिन समाधान न मिलने की वजह से टूर्नामेंट अस्थिर स्थिति में है। बीसीबी ने बयान जारी कर कहा, 'खिलाड़ियों के हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।' पर मैदान पर हालात अलग तस्वीर दिखा रहे हैं। इससे टूर्नामेंट को काफी आर्थिक नुकसान भी पहुंच सकता है।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
संपर्क मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
- उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
- 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
- 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
- 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**शॉप बेचना है**
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क
9993368146

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रूफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### भागीरथपुरा कांड के चक्कर में मंत्रिमंडल का विस्तार अटका

**इंदौर।** इन्दौर के भागीरथपुरा में हुई घटना के बाद मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर भी जो कहानी चल रही थी, उस पर विराम लग गया है। अब बाद में ही इस पर सिलसिलेवार चर्चा होगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जब शपथ ली थी तो उनके साथ 28 विधायकों ने भी मंत्रिमंडल की शपथ ली थी, जिसमें प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह, तुलसी सिलावट जैसे मंत्री शामिल है। मंत्रिमंडल में विभाग बांटने के बाद नए मंत्रियों को शामिल करने के लिए भी चर्चा होने वाली थी। सरकार को दो वर्ष पूरे हो चुके हैं बाली लेकिन अभी नए मंत्रियों का निर्णय नहीं हो पाया है। मुख्यमंत्री के पास ही गृह मंत्रालय है और इसी वजह से वो विभाग भी अभी तक बंट नहीं पाया है। माना जा रहा था कि नए साल में रुका मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाएगा और नए विधायकों को इसमें मौका भी मिल सकता है लेकिन भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद मामला अटक गया। मोहन यादव को नए मंत्री बनाने के लिए दिल्ली से भी इशारा हो चुका है। उनकी पसंद के ही विधायक मंत्री बन सकते हैं। इसके लिए उन्होंने रिपोर्ट कार्ड भी ढूंढना शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि बड़े शहरों से भी मंत्रियों को लिया जा सकता है, जिसमें इन्दौर भी शामिल हैं। इन्दौर से अभी दो मंत्री हैं जिसमें नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट शामिल है। तीसरे मंत्री को लेकर नामों पर विचार विमर्श शुरू हो गया है। इन्दौर से पहले महिला कोटा था और उषा ठाकुर को केबिनेट मंत्री बनाया था, लेकिन उसके बाद इन्दौर से कोई भी मंत्री नहीं बन पाया है। महिला कोटे से मालिनी गौड़ का नाम भी दौड़ पड़ा है। वे भी चार बार की विधायक होने के साथ दिल्ली, भोपाल में मजबूत पकड़ रखती है और इसके लिए अभी से उन्होंने तैयारी भी कर ली है लेकिन विरोधी गुट उनकी राह रोकने में लग सकता है। इसके अलावा महेन्द्र हार्डिया का नाम भी सुर्खियों में है। हार्डिया पांच बार के विधायक हैं और एक बार राज्यमंत्री भी रह चुके हैं। इसके लिए अब कोशिश की जा रही है कि उनकी लाटरी लग जाए क्योंकि बाबा को अब अगला चुनाव नहीं लड़ना है। पिछली बार भी उनके टिकट को लेकर बातचीत चल रही थी और अंतिम समय में उसे काटने के लिए कह दिया था परन्तु इस बार दोबारा उन्हें टिकट मिलना मुश्किल है। वैसे भी बाबा खुद चुनाव लड़ने के मूड में नहीं हैं।

### बायपास पर ट्रक में जा घुसी कार, एयर बैग खुलने के बाद भी ड्राइवर की मौके पर मौत

**इंदौर।** इंदौर-देवास बायपास पर शनिवार तड़के तेज रफ्तार कार पीछे से ट्रक में जा घुसी, जिससे कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा लसूडिया क्षेत्र में शेरेटन होटल के सामने हुआ। मृतक की पहचान बिचौली निवासी विक्रम सिंह राणा पिता परमजीत सिंह राणा के रूप पर हुई है। जानकारी के मुताबिक कार तेज रफ्तार में थी और आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के एयरबैग खुलने के बावजूद चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक का सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही लसूडिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त कार को क्रेन की मदद से सड़क से हटाया गया, जिससे यातायात बहाल हो सका। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतक का एक भाई मलेशिया में रहता है, जबकि मां का पहले ही निधन हो चुका है। पिता ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं विक्रम भी पिता के साथ काम संभालते थे। भाई के विदेश से लौटने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृतक अविवाहित था।

### खराब मौसम का असर फ्लाइट पर इंदौर-मुंबई इंडिगो फ्लाइट कैंसिल

**इंदौर।** चंडीगढ़ में खराब मौसम के चलते इंडिगो एयरलाइंस की इंदौर-मुंबई फ्लाइट श्रृंखला प्रभावित हो गई है। शुक्रवार रात मुंबई से इंदौर आने वाली फ्लाइट रद्द होने के कारण शनिवार सुबह इंदौर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट भी कैंसिल करनी पड़ी। इससे सैकड़ों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा और उन्होंने हंगामा भी कर दिया। इंडिगो की यह फ्लाइट चंडीगढ़ से मुंबई होते हुए रात 10.10 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचती है, लेकिन चंडीगढ़ में मौसम खराब होने से फ्लाइट देरी से चली। इंदौर एयरपोर्ट रात 10.30 बजे बंद हो जाने के कारण एयरलाइंस ने फ्लाइट को रद्द कर दिया, जिससे इंदौर आने वाले यात्री मुंबई में ही फंसे रह गए। यह विमान रात में इंदौर में रुककर सुबह 6.40 बजे मुंबई के लिए उड़ान भरता है। फ्लाइट कैंसिल होने से शनिवार सुबह मुंबई जाने वाले यात्रियों की यात्रा भी प्रभावित हुई। एयरलाइंस कंपनी ने यात्रियों को टिकट रिफंड और रि-बुकिंग का विकल्प दिया है। साथ ही मुंबई से इंदौर और इंदौर से मुंबई जाने वाले यात्रियों को वैकल्पिक फ्लाइट में भेजने की व्यवस्था की जा रही है। कई यात्रियों को फ्लाइट कैंसिल होने का मैसेज नहीं मिला, जिसके कारण वे सुबह एयरपोर्ट पहुंच गए। जानकारी मिलने पर यात्रियों ने नाराजगी जताई और कुछ देर के लिए एयरपोर्ट पर हंगामे जैसी स्थिति बन गई। बाद में एयरलाइंस अधिकारियों ने यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से भेजने का भरोसा देकर स्थिति संभाली।

### युवती ने किया सुसाइड, दो दिन तक फांसी पर लटकी रही, डिप्रेशन की आशंका

**इंदौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र में एक युवती ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। दो दिन तक उसका शव फंदे पर लटका रहा। यहां तक कि पड़ोसियों और मकान मालिक तक को इसकी जानकारी नहीं लगी। बदबू आने पर घटना का खुलासा हुआ। 14 जनवरी को युवती की मां से आखरी बार बात हुई थी। युवती पहले बैंक में काम करती थी, जहां से उसने नौकरी छोड़ दी थी। डिप्रेशन के कारण सुसाइड की आशंका है। हालांकि पुलिस को घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, पुलिस ने युवती का मोबाइल कस्टडी में ले लिया है, जिसकी जांच की जाएगी। तिलक नगर पुलिस के मुताबिक 23 वर्षीय मालती प्रजापति मूल रूप से भोपाल की रहने वाली है। वह कुछ सालों से इंदौर के गणेश नगर में किराए से रह रही थी। उसके घर में उसके माता-पिता व छोटी बहन है। पिता भोपाल में व्यापार करते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद भोपाल से माता-पिता व अन्य परिजन इंदौर पहुंचे। एमवाय अस्पताल में उसका पीएम कराया जा रहा है। परिजन ने बताया कि शव को भोपाल ले जाया जाएगा, जहां उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिजन ने बताया कि 14 जनवरी को उमंग की मां से आखरी बार बात हुई थी। ये भी बताया जा रहा है कि उस वक्त वह नाराज थी, जिस पर उसने मां से कहा था कि वह बाद में बात करेगी। इस पर छोटी बहन ने भी मां से कहा था कि दीदी से बाद में बात कर लेना। मगर उसके बाद मां की बेटी से बात ही नहीं हो पाई। संभवतः 14 जनवरी को ही उसने सुसाइड कर दिया। दो दिन से युवती कमरे में से बाहर नहीं आई थी। ना तो पड़ोसियों ने उसे दिखा और ना ही मकान मालिक ने। वहीं परिवार के लोगों ने उसे शुक्रवार को कॉल किया तो उसने कॉल नहीं उठाया। वे कमरे पर पहुंचे तो उसका शव लटका मिला।

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले को जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

न्यूज़ीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का आज आखिरी मुकाबला खेलने के लिए टीम इंडिया इंदौर पहुंची

# इंदौर आए गिल 3 लाख का वाटर प्यूरीफायर साथ लाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर




न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला खेलने के लिए टीम इंडिया इंदौर पहुंच चुकी है। कप्तान शुभमन गिल अपने साथ करीब तीन लाख रुपए की एक विशेष वॉटर प्यूरीफिकेशन मशीन लेकर इंदौर आए हैं।

हमारे सहयोगी अखबार के मुताबिक, होटल से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह मशीन आरओ और पैक्ड बोतलबंद पानी को भी दोबारा पूरी तरह शुद्ध करने में सक्षम है। शुभमन गिल ने इस मशीन को अपने कमरे में ही रखवाया है। होटल स्टाफ को भी इसके इस्तेमाल और तकनीक से जुड़ी विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि गिल ने यह कदम इंदौर में हाल ही में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को देखते हुए एहतियात के तौर पर उठाया है या इसके पीछे कोई और वजह है। इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी के कारण अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला 18 जनवरी को इंदौर में खेला जाएगा। फिलहाल दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीत लिया है और सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। खिलाड़ियों की फिटनेस और डाइट को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई ने टीम के साथ स्पेशल शेफ भी भेजे हैं। शेफ हर खिलाड़ी की जरूरत के अनुसार भोजन तैयार कर रहा है। शुक्रवार को भारतीय टीम ने आराम किया, जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने प्रैक्टिस की। शनिवार को टीम इंडिया भी अभ्यास करेगी।



- **विराट की डाइट में हरी ग्रिल्ड सब्जियां, स्प्राउट्स और सूप-** विराट कोहली की डाइट में उबला और स्टीम्ड खाना शामिल रहता है। उनके नाश्ते में स्प्राउट, नींबू के साथ ग्रीन टी और खाने में हरी ग्रील्ड सब्जियां, दाल, रायता और सूप शामिल होता है। रोहित शर्मा की डाइट में बादाम, स्प्राउट, ओट्स, फ्रूट, पनीर, सब्जी, दाल और चावल शामिल रहता है। इसके साथ ही अन्य खिलाड़ी भोजन में चिकन, मछली, अंडे, ब्राउन राइस, दालें, नट्स के साथ हाइड्रेट रहने के लिए नारियल पानी और ग्रीन टी लेते हैं।
- **एमपीसीए को फीस के रूप में ही मिलेंगे डेढ़ करोड़ रुपए-** होलकर स्टेडियम में वनडे इंटरनेशनल मैच की मेजबानी के लिए एमपीसीए को बीसीसीआई करीब 1.5 करोड़ फीस देता है। इसके अलावा टिकट बिक्री, कॉर्पोरेट बॉक्स, स्पॉन्सरशिप, स्टेडियम में ब्रांडिंग और विज्ञापन से भी आय होती है। यही फंड बाद में संभागीय क्रिकेट की गतिविधियों, ग्राउंड मेंटेनेंस, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण आदि पर खर्च किया जाता है।

# भीड़ जुटाने के लिए 325 गांवों में दस्तक देगी कांग्रेस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

गणतंत्र दिवस के अगले दिन महू में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की उपस्थिति में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए भीड़ जुटाने की चुनौती से कांग्रेस द्वारा दो-दो हाथ करना शुरू किया जा रहा है। इसके लिए कांग्रेस महू और राऊ विधानसभा क्षेत्र के 325 गांवों में दस्तक देगी।

शुक्रवार से इन गांवों का दौरा शुरू होगा। इस दौरे में हर गांव में उन लोगों की सूची बनाई जाएगी, जो महू में कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जाएंगे। बाबा साहब आंबेडकर के जन्म स्थल महू में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भीड़ जुटाना एक बड़ी चुनौती है। यह तो तय है कि इसमें सबसे ज्यादा भीड़ इंदौर से ही इकट्ठी करना है। ग्रामीण क्षेत्र की भीड़ को जमा करने के लिए कांग्रेस द्वारा शुक्रवार से महाअभियान शुरू किया जा रहा है। इस महाअभियान के लिए इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव द्वारा योजना तैयार की गई है। महू में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के कार्यक्रम के लिए भीड़ जुटाने में जुटी कांग्रेस का आज से शुरू होगा गांव-गांव का दौरा, हर गांव में बनेगी सूची कितने लोग आएंगे राहुल प्रियंका के कार्यक्रम में सदाशिव यादव 50 कांग्रेसजनों के समूह के साथ 325 गांवों का दौरा 5 दिन में करेंगे। इस दौरे में शामिल किए गए गांव महू और राऊ विधानसभा क्षेत्र के हैं। इसमें सबसे पहले मह विधानसभा क्षेत्र के 275 गांवों का दौरा शुरू किया जाएगा।

### सूची बनाई जाएगी

इस दौरे में गांव में जाने के बाद एक सूची बनाई जाएगी कि गांव में से कितने लोग राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की उपस्थिति में होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जाएंगे। इन लोगों के वहां तक जाने के लिए गांव में ग्रामीणों के पास कितनी फोर व्हीलर गाडियां हैं। इस गांव से लोगों को लाने के लिए क्या जिला कांग्रेस को भी गाड़ी पहुंचना पड़ेगी। यदि पहुंचना पड़ेगी तो कितनी गाडियां गांव में पहुंचाने की आवश्यकता है, इसका भी हिसाब तैयार किया जाएगा। यह दौरा 17 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी तक चलेगा। इस दौरे में हर गांव का हिसाब तैयार हो जाएगा। इससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के गांवों से कितनी भीड़ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के कार्यक्रम के लिए जमा हो सकेगी। इसके साथ ही हर 10-15 गांव का एक समूह बनाकर उस पर कांग्रेस के कुछ नेताओं को प्रभारी बनाया जाएगा। उन्हें उन गांव के लोगों के साथ समन्वय बनाने की जिम्मेदारी दी जाएगी।



### हर गांव में होगी बैठक

यादव ने बताया कि जिस भी गांव में दौरा करने के लिए जाएंगे वहां के लोगों के साथ बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में इन लोगों को बताया जाएगा कि देश का संविधान खतरे में पड़ रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर के बारे में गलत शब्दों का उपयोग किया जा रहा है। यह सारी जानकारी देते हुए इन लोगों को 27 जनवरी को महू में कांग्रेस द्वारा रैली के रूप में आयोजित की जा रही सभा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# आईसीयू में 5 मरीज, महापौर-पार्षद ने पिया नल का पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा दूषित पानी कांड में अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है। आईसीयू में एडमिट 6 मरीजों में से 1 को वार्ड में रेफर किया गया है, जबकि तीन मरीज लंबे समय से वेंटिलेटर पर ही हैं। वार्ड में 11 मरीज एडमिट हैं। इनके सहित अभी 16 मरीजों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। शुक्रवार को डायरिया के तीन मरीज आए, जिन्हें अस्पताल रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ी।

शुक्रवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भागीरथपुरा क्षेत्र में जलप्रदाय की स्थिति का अवलोकन किया। इस दौरान नर्मदा जलप्रदाय के दौरान नल से ग्लास में पानी भरकर स्वयं पीकर उसकी गुणवत्ता की जांच की। उनके साथ क्षेत्रीय पार्षद कमल वाघेला ने भी पानी पीकर लोगों को विश्वास हासिल करने का प्रयास किया।

इस दौरान महापौर ने कहा कि नगर निगम, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र में विगत दिनों से लगातार राहत एवं सुधारात्मक कार्य किए जा रहे हैं। इनमें क्षेत्र के नागरिकों का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में जलप्रदाय कर लगातार जल के सैंपल लिए गए। इस दौरान सभी आवश्यक जांच और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित की गई। सभी जांचों में जल सुरक्षित पाए जाने के बाद शुक्रवार को भागीरथपुरा क्षेत्र के लगभग 30% हिस्से में, जिसमें लगभग 15 हजार की आबादी है, नर्मदा जलप्रदाय को पुनः प्रारंभ किया गया है। महापौर ने भागीरथपुरा क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि जलप्रदाय प्रारम्भ होने के बाद भी सावधानी के तौर पर पानी को उबालकर ही उपयोग में लें।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करूंगा समाधान
पाटन वाले गुरुजी
Mob. 9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़



कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com